**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# विजडम इंडिया
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 229 लखनऊ, बुधवार 03 अप्रैल 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## अपने स्वार्थ के लिए चुनाव लड़ रहे इण्डिया गठबंधन के नेता, पीएम मोदी बोले– देश को धमकी दे रहे कांग्रेस के नेता



एजेंसीं नई दिल्ली प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का ये चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। ये चुनाव, विकसित राजस्थान और विकसित भारत के संकल्प का चुनाव है। पूरा राजस्थान कह रहा है 4 जून – 400 पार! उन्होंने कहा कि ये चुनाव – भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है। भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसके नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा चुनाव जीतने पर आगजनी की धमकी दे रहे हैं। मोदी ने राजस्थान के कोटपूतली में एक रैली में कहा कि यह चुनाव श्आत्मनिर्भर भारतश के सपने को पूरा करने के लिए है। मोदी कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ। कांग्रेस और प्छक्प् गठबंधन यह चुनाव देश के लिए नहीं बल्कि अपने स्वार्थ के लिए लड़ रहे हैं...वे कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ, मोदी कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ। अपना वार जारी रखते हुए मोदी ने कहा कि यह पहला चुनाव है जिसमें कांग्रेस पार्टी के नेता खुद चुनाव जीतने की बात नहीं कर रहे बल्कि देश को धमकी दे रहे हैं कि अगर बीजेपी जीती तो देश में आग लग जाएगी। मोदी ने कहा कि 2024 के इस चुनाव में देश की सियासत फिर 2 खेमों में बंटी नजर आ रही है। एक तरफ राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेकर चलने वाली भाजपा है, तो दूसरी तरफ देश को लूटने के मौके तलाशने वाली कांग्रेस पार्टी है। उन्होंने कहा कि आज एक ओर देश को परिवार मानने वाली भाजपा है, तो दूसरी ओर अपने परिवार को देश से बड़ा मानने वाली कांग्रेस है। उन्होंने कहा कि आज एक ओर दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने वाली भाजपा है, तो दूसरी ओर विदेश में जाकर भारत को गाली देने वाली कांग्रेस है। ऐसी देशविरोधी, परिवारवादी ताकतों के खिलाफ राजस्थान हमेशा खड़ा रहा है। 2014 में राजस्थान ने ठश्रच को 25 की 25 सीटें दी थी।

## भाजपा ही भ्रष्टाचारियों और माफियाओं को भेज सकती है जेल–मुख्यमंत्री

### बोले-सपा, बसपा और कांग्रेस आएगी तो माफिया राज भी लाएगी




पीलीभीत लखनऊ । हमारी पीढ़ी खुद को सौभाग्यशाली मानती है कि क्योंकि हमने बदलते हुए भारत को देखा है। 2014 के पहले देश में अविश्वास और अराजकता थी। आम जनमानस में सरकार, सत्ता और राजनीतिज्ञों के प्रति विश्वास नहीं रह गया था। ऐसे में दुनिया ने भारतवासियों को सम्मान देना बंद कर दिया था। वह एक दौर था, जब अन्नदाता किसान आत्महत्या कर रहे थे। युवा पलायन को मजबूर थे। देश में उग्रवाद और नक्सलवाद हावी था। वहीं 2014 के बाद देश की तस्वीर बदल गयी। आज दुनिया आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में कहीं। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के मंत्री और बीजेपी के लोकसभा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के पक्ष में वोट के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में सम्मान प्राप्त कर रहे हैं। आज हमारी सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं, कश्मीर में आतंकवाद, पूर्वोत्तर के राज्यों का उग्रवाद और नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो चुका है। देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण है। प्रदेश में अपराधी–माफिया पस्त और बेटी– व्यापारी सुरक्षित हैं। प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है। प्रदेश में कर्फ्यू पर पूरी तरह से लगाम लगी है, लेकिन कांवड़ यात्रा ध ूमधाम से निकल रही है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी विरासत और विकास दोनों में बेहतर समन्वय बनाकर कार्य कर रहा है। पीलीभीत में मेडिकल कॉलेज, रोड और पुल के सारे प्रस्ताव को स्वीकृत कर सरकार ने विकास की नई धारा के साथ इसे जोड़ने का काम किया है।

## वरुण गांधी का टिकट कटने पर मेनका गांधी ने पहली बार तोड़ी चुप्पी, उनके कांग्रेस से लड़ने पर भी दिया जवाब

एजेंसीं

नई दिल्ली वरिष्ठ नेता ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैं सुल्तानपुर वापस आई क्योंकि इस जगह का एक इतिहास है कि सुल्तानपुर में कोई भी सांसद दोबारा सत्ता में नहीं आया। विशेष रूप से, आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित होने के बाद मेनका गांधी की यह सुल्तानपुर की पहली यात्रा थी।भाजपा सांसद वरुण गांधी को उनके निर्वाचन क्षेत्र पीलीभीत से टिकट नहीं दिए जाने के कुछ दिनों बाद, उनकी मां और भाजपा सांसद मेनका गांधी ने उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर की अपनी 10 दिवसीय यात्रा पर चुप्पी तोड़ी और पार्टी का हिस्सा बनने पर खुशी व्यक्त की।



उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि मैं बीजेपी में हूं। मुझे टिकट देने के लिए मैं अमित शाह, पीएम मोदी और नड्डा जी को धन्यवाद देती हूं। टिकट की घोषणा बहुत देर से हुई, इसलिए दुविध ाा थी कि कहां से लडूं। पीलीभीत या सुल्तानपुर से। अब पार्टी ने जो निर्णय लिया है, उसके लिए मैं आभारी हूं।वरिष्ठ नेता ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैं सुल्तानपुर वापस आई क्योंकि इस जगह का एक इतिहास है कि सुल्तानपुर में कोई भी सांसद दोबारा सत्ता में नहीं आया। विशेष रूप से, आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित होने के बाद मेनका गांधी की यह सुल्तानपुर की पहली यात्रा थी। जिले के अपने 10 दिवसीय दौरे पर वह पूरे लोकसभा क्षेत्र के 101 गांवों का दौरा करेंगी। वहीं, मेनका गांधी ने आखिरकार अपने बेटे वरुण गांधी को टिकट न दिए जाने पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि वह चुनाव के बाद वरुण के भविष्य के बारे में चर्चा करेंगी, जिससे संकेत मिलता है कि निर्णय लेने के लिए अभी भी पर्याप्त समय है। मेनका गांधी ने कहा कि यह उससे पूछो। वरुण का टिकट कटने के बाद हमारे बारे में बहुत सारी बातें कही गईं। वरुण गांधी के रायबरेली–अमेठी से चुनाव लड़ने की चर्चाएं चल रही हैं। इस सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगाी। आइए इस विषय को छोड़ें। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा में हूं, दूसरी पार्टी (कांग्रेस) की नेता नहीं जो उसके बारे में आपको जानकारी दूं। उन्होंने कहा कि वरुण और उनकी पत्नी की तबीयत ठीक नहीं है और मेरी समधन (वरुण की सास) को दिल का दौरा पड़ा है, इसलिए वह नहीं आ पा रहे हैं। इस बार मैं और मेरी पार्टी चुनाव की कमान संभालेंगे।

## भाजपा नेता जिलों में जाकर खोलेंगे विपक्षी गठबंधन की पोल

लखनऊ(आरएनएस )। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता जिलास्तर पर जाकर विपक्षी गठबंधन की पोल खोलेंगे। इसके लिए भाजपा ने जिलास्तर पर प्रेसवार्ता करने का निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को लखनऊ में प्रेसवार्ता कर इसकी शुरूआत कर दी है। आज प्रदेश के करीब 40 से अधिक जिलों में भाजपा के नेता प्रेसवार्ता कर विपक्ष की खामियों को उजागर करेंगे।आज वाराणसी में केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय, लखीमपुर में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी, महाराजगंज में केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी, अमरोहा और मुरादाबाद में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, जौनपुर में प्रदेश सरकार में मंत्री गिरीश यादव और मऊ में दारा सिंह चौहान प्रेसवार्ता करेंगे।इसी तरह आगरा में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, अलीगढ़ में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, शाहजहाँपुर में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, हरदोई में राज्य मंत्री रजनी तिवारी, मुजफ्फरनगर में कपिल देव अग्रवाल, नोएडा में नितिन अग्रवाल, संभल में गुलाब देवी प्रेस करेंगी।वहीं सुल्तानपुर में राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, गोरखपुर में क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, बस्ती में सांसद हरीश द्विवेदी, अयोध्या में सांसद लल्लू सिंह, श्रावस्ती में एमएलसी साकेत मिश्रा, एटा में प्रदेश मंत्री अंजुला माहौर, हापुड़ में प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी सुभाष यदुवंश प्रेसवार्ता करेंगे। इसके अलावा कानपुर देहात में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, हमीरपुर में प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी अनूप गुप्ता, कन्नौज में सांसद सुब्रत पाठक और झाँसी में पूर्व मंत्री रवींद्र शुक्ल प्रेसवार्ता कर विपक्ष पर निशाना साध ेंगे।भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि विपक्ष के नेता भ्रष्टाचार में डूबे हैं। इनमें आपस में ही लूट–खसोट का कम्पिटशन है। प्रेसवार्ता कर इस सच्चाई को जनता के सामने लाया जायेगा।

## जनता का भरोसा मोदी पर कायम – केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को मेरठ में भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के नामांकन में उपस्थित रहे। उसके बाद शुभकामना बैंक्वट हॉल में जनसभा को संबोधित किया। शास्त्री नगर स्थित शुभकामना बैंकट हॉल में जनसभा के बाद उपमुख्यमंत्री ने अरुण गोविल के समर्थन में रोड शो भी



किया। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया जिस तरह प्रत्याशी बदल रहे हैं उन्हें पार्टी का नाम अदला–बदला पार्टी रख देना चाहिए। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अरुण गोविल ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता में मोदी की नीतियों और गरीब कल्याण के काम का असर जमीन पर है। जनता का भरोसा मोदी पर कायम है और भाजपा उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट और पूरे देश में 400 सीट जीतने का लक्ष्य प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के मुकाबले में कोई पार्टी नहीं है। विपक्ष कहीं है ही नहीं। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस में आपस में ही घमासान है। हमारी तैयारी 2024 से लेकर 2047 तक के लिए है। 2047 तक विपक्षी दलों के नेता बेरोजगार रहने वाले हैं।कहा कि अरूण गोविल जी को अग्रिम बध ााई आप लोगों की तरफ से दे रहा हूं। काशी विश्वनाथ के बाद रिकॉर्ड जीत का रिकॉर्ड मेरठ से बनना चाहिए। सभी कर्ताधर्ता जिनके कंधों पर 26 अप्रैल का भार है वह सभी अभी से जुट जाएं। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसौदिया, सांसद राजेंद्र अग्रवाल, राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर, विधायक अमित अग्रवाल सहित स्थानीय नेता–पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पार्टी मुख्यालय पर उज्जवल रमन ने थामा कांग्रेस का दामन

### पूर्व सांसद रेवती रमन सिंह के पुत्र हैं, बोले आज का दौर काफी कठिन



लखनऊ(आरएनएस )। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पूर्व सांसद रेवती रमन सिंह के पुत्र व पूर्व कैबिनेट मंत्री उज्जवल रमन सिंह ने तमाम समर्थकों के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान कांग्रेस विध ाानमंडल दल की नेता आराध ाना मिश्रा मोना ने विधायक उज्जवल रमन सिंह का स्वागत करते हुए उन्हें कांग्रेस का गमछा (अंगवस्त्र) भेंट किया। राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रभावित होकर जिस प्रकार से लगातार राजनीतिक दलों के नेता कांग्रेस में अपनी आस्था दिखा रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की बड़ी जीत होगी।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हमारे देश एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेता एकजुट हैं। कहा कि महंगाई और बेरोजगारी की मार झेलती इस देश की जनता भाजपा की जनविरोध ी नीतियों को समझ चुकी है। और अब देश का जनमानस बदलाव का मन बना चुका है, ऐसे में हम सभी को एक साथ मिलकर कर युद्धस्तर पर काम कर रहें हैं और निश्चित ही 2024 में देश में इंडिया गठबंधन की सरकार होगी।आराधना मिश्रा ने प्रदेश में हो रहे महिलाओं के प्रति बढ़ते हुए अत्याचारों पर अपनी चिन्ता व्यक्त की और कहा कि महिला अपराध में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। उज्जवल रमन सिंह जी ने कहा कि आज का दौर बहुत कठिन है, संविधान खतरे में ही नहीं है खतरा दिखने लगा है। इस मौके पर पूर्व विध ाायक श्याम किशोर शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत, ओंकारनाथ सिंह, विकास श्रीवास्तव सहित तमाम कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह जी ने चुनाव आयोग से की शिकायत'

लखनऊ(आरएनएस) ।भारत चुनाव आयोग म्ब्प् को लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने शिकायत की है। चौधरी सुनील सिंह ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में आरोप लगाया है और शिकायत दर्ज की है कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा मेरठ की रैली में जयंत चौधरी को लोकदल का अध्यक्ष कहे जाने पर आपत्ति जताई है। जबकि वह राष्ट्रीय लोकदल (त्स्क) के अध्यक्ष हैं। सोशल मीडिया और विभिन्न चौनलों पर जयंत जी द्वारा चौनलों पर दिए गए इंटरव्यू के माध्यम से सदैव लोकदल का बार – बार उच्चारण लिया जाता है, उदहारण के तौर पर भारतीय जनता पार्टी का यूट्यूब चौनल भारतीय जनता पार्टी के क्लिप में 7 मिनट14 सेकंड और 16 मिनट 21 सेकंड पर देखा जा सकता है। लोकदल चौधरी चरण सिंह जी द्वारा स्थापित है जबकि राष्ट्रीय लोकदल कांग्रेस सांसद कल्पनात राय जी द्वारा बाद में स्थापित किया गया। इस प्रकार लोकदल का नाम लेकर स्थानीय मतदाताओं का किसानों के सहानुभूति बटोरने के लिए जयंत चौधरी को लोकदल का अध्यक्ष बताकर भ्रम पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे चुनाव आयोग द्वारा इस प्रकरण का संज्ञान लेना चाहिए,और लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के नेताओं को भ्रम फैलाने से रोका जाए।

## बिहार सारण में रोहिणी आचार्य की पालिटिकल एंट्री, किया रोड शो,

एजेंसीं

पटना बिहार सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता और पिता को किडनी दान करने के कारण हाल के दिनो में चर्चा में रहीं आचार्य ने मंगलवार को पटना से सारण के लिए रवाना होने से पहले माता–पिता (लालू प्रसाद और राबड़ी) के चरण स्पर्श किए और घर में बने मंदिरों में पूजा–अर्चना की। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा बिहार से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य के नाम की घोषणा के बाद, उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता विजय सिन्हा ने उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बेटी जो अब सिंगापुर चली गई है वह वहां से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा, षबिहार में बेटियों का कोई सम्मान नहीं है।ष उन्होंने कहा कि बिहार के लोग तय करेंगे कि किसके साथ जाना है – वह जो बिहार के लिए प्रतिबद्ध है या वह जो सिंगापुर में काम करेगा। राजद अध् यक्ष लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य, जो राजद उम्मीदवार के रूप में सारण लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं, आज अपना चुनाव अभियान शुरू किया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, षमैं जनता के बीच जा रही हूं। मुझे अपने माता–पिता और ससुराल वालों का आशीर्वाद मिला है। मैं वहां एक रोड शो करूंगी।ष उनका मुकाबला भाजपा नेता और चार बार के लोकसभा सदस्य राजीव प्रताप रूडी से है। रोहिणी राजनीति में आने वाली लालू–राबड़ी परिवार की छठी सदस्य बन गई हैं। उनकी बड़ी बहन मीसा तीसरी बार पाटलिपुत्र निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं, जबकि भाई तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव विधायक और पूर्व मंत्री हैं।

## कभी दिखा कन्फ्यूजन तो कहीं बदले उम्मीदवार, लोकसभा चुनाव से पहले यूपी में ऐसा क्यों कर रही समाजवादी पार्टी

संवाददातां

लखनऊ आम चुनाव नजदीक आते ही समाजवादी पार्टी अपनी कोशिशें तेज करती नजर आ रही है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि पार्टी ने कुछ नामांकनों को लेकर पार्टी सदस्यों के बीच असंतोष के कारण कई निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवारों में फेरबदल करने का विकल्प चुना है। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले, समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश में कई निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवारों को बदल दिया है या फिर से नामांकित किया है। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी ने आगामी आम चुनावों के लिए अब तक उम्मीदवारों की पांच सूचियां जारी की हैं। पार्टी को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के खिलाफ विपक्षी गठबंधन के लिए दुर्जेय ताकतों में से एक माना जाता है। बदायूँ लोकसभा सीट पर सीट पर समाजवादी पार्टी ने धर्मेंद्र यादव की जगह शिवपाल यादव को टिकट दिया है। पहले धर्मेंद्र यादव के नाम का ऐलान किया था। बिजनौर लोकसभा सीट से सपा ने पहले यशवीर सिंह को टिकट दिया था, हालांकि बाद में उनकी जगह दीपक सैनी को टिकट दिया गया। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से पार्टी ने पहले डॉ. महेंद्र नागर को अपना उम्मीदवार बनाया लेकिन चार दिन बाद उन्होंने राहुल अवाना को चुना। हालांकि, सपा ने फिर अपनी पसंद बदली और आखिरकार डॉ. महेंद्र नागर के साथ ही जाने का फैसला किया। मेरठ लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार और टीवी सीरियल श्रामायणश के अभिनेता अरुण गोविल के खिलाफ पार्टी ने पहले भानु प्रताप सिंह को मैदान में उतारा था। लेकिन बाद में उनकी जगह अतुल प्रधान को मैदान में उतारा है।

यहां दिखा कन्फ्यूजन इस बीच, रामपुर और मुरादाबाद संसदीय क्षेत्र में भी प्रत्याशियों के नामांकन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। रामपुर और मुरादाबाद सीट से दो–दो प्रत्याशियों ने सपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। इससे दोनों सीटों पर सपा के अधिकृत प्रत्याशियों को लेकर पूरे दिन असमंजस की स्थिति बनी रही। रामपुर में पहले लोकसभा उपचुनाव लड़ चुके आसिम राजा ने खुद को सपा प्रत्याशी बताते हुए नामांकन



दाखिल किया। वहीं, मुहिबुल्लाह नदवी ने भी यही दावा करते हुए अपना नामांकन दाखिल किया। उधर, मुरादाबाद में पार्टी नेता रुचि वीरा के सपा प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल करने के बाद असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। इससे पहले, मुरादाबाद से मौजूदा सपा सांसद एसटी हसन ने भी पार्टी उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया था। हालांकि, बाद में पार्टी ने स्थिति साफ करते हुए नदवी को रामपुर से जबकि वीरा को मुरादाबाद से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया।

## लखनऊ में कार ने दो महिलाओं को रौंदा, मौत

लखनऊ(आरएनएस )। निशातगंज इलाके की पेपरमिल कॉलोनी में मंगलवार की सुबह सहरी करके निकलीं दो महिलाओं को एक बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में लेकर कार को कब्जे में ले लिया है। पेपरमिल कॉलोनी में रहने वाले सानू ने बताया कि सुबह मां शाहिदा बानो (65) और मुमानी शबनम (42) सहरी करके बाहर की ओर निकल रही थी। इसी दौरान एक व्यापारी का नाबालिग बेटा जो कार सीख रहा था, तभी दोनों महिला तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गई और दोनों की मौत हो गई।

# अमेजान डाट इन पर होम, किचन और आउटडोर कैटेगरी के लिए उत्तर प्रदेश है सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक'

लखनऊ(आरएनएस)रू होम और किचन कैटेगरी में सलाना आधार पर 25 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि के साथ, अमेजॉन डॉट इन ने आज उत्त्तर प्रदेश में उल्ल्लेखनीय प्रदर्शन की घोषणा की है। ऑनलाइन मार्केटप्प्लेस अमेजॉन डॉट इन ने उत्त्तर प्रदेश में नए ग्राहकों की संख्य्या में भी दो अंकों की वृद्धि दर्ज की है। अधिकांश नए ग्राहक टियर–2 और इससे नीचे के शहरों से जुड़ रहे हैं। कंपनी ने उत्त्तर प्रदेश को अमेजॉन इन के लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक बताया है, राज्य्य से आने वाली कुल मांग में लखनऊ, नोएडा और गाजियाबाद की हिस्स्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक है। नवाबों के शहर लखनऊ के ग्राहक फर्नीचर, फिट्टिनेस प्रोडक्ट्स, बाथरूम प्रोडक्ट्स, डीआईवाई वॉल पेंट्स और प्रीमियम किचन एप्प्लाएंसेस की खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं। बिजली की बचत करने वाले एप्प्लाएंसेस, सोलर पैनल, पानी बचाने वाले वाटर प्प्यूरीफायर्स जैसे टिकाऊ उत्त्पादों के लिए भी लखनऊ में दो गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। अमेजॉन डॉट इन ने आज लखनऊ में एक दिवसीय कार्यक्रम के जरिये क्षेत्र की सफलता का जश्श्न मनाया। प्रदर्शनी में फर्नीचर, घर का जरूरी सामान, किचन एप्प्लाएंसेस, होम डेकोर और लाइटिंग, स्प्पोर्ट एंड फिट्टिनेस, ईवी और व्व्हीकल एक्स्सेसरीज, आउटडोर और गार्डेनिंग उत्त्पाद आदि का प्रदर्शन शामिल था। इस अनूठी प्रदर्शनी ने मीडिया और भागीदारों को अमेजन इंडिया के शीर्ष नेतृत्त्व के साथ बातचीत करते हुए अपने पसंदीदा ब्रांड्स और उत्त्पादों का अनुभव करने का मौका दिया। इस अवसर पर टिप्प्पणी करते हुए, केएन श्रीकांत, डायरेक्ट्टर, होम, किचन एंड आउटडोर्स, अमेजन इंडिया, ने कहा, " ।उंवद.पद के लिए उत्त्तर प्रदेश एक महत्त्वपूर्ण बाजार है और हम राज्य्य के सभी 70 जिलों और सभी सेवा योग्य्य पिनकोड पर डिलीवरी कर रहे हैं। राज्य्य के ग्राहकों से मिले प्प्यार का जश्श्न मनाने के लिए हम लखनऊ में अमेजॉन इन के होम एंड किचन एक्स्सपीरिएंस एरेना को पेश करते हुए काफी रोमांचित हैं। भारत के सबसे पसंदीदा मार्केटप्प्लेस के रूप में, हम एक असाधारण ग्राहक अनुभव और हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने वाले उत्त्पादों की विस्त्तृत श्रृंखला के माध्ध्यम से श्शहर मुस्स्कार की अपनी दुकानश उपलब्ब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" उपभोक्त्ताओं के लिए शॉपिंग सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए, ।उंवद.पद ने हाल ही में फैन, लाइटिंग, किचन और बाथ एक्स्सेसरीज के लिए भी अपनी इंस्स्टॉलेजशन सर्विस का विस्त्तार किया है। फैन, किचन एंड बाथ एक्स्सेसरीज, चेयर्स आदि पर इंस्स्टॉलेशन सर्विस पहले से ही उपलब्ब्ध थी। इसके अलावा, भारत के सबसे पसंदीदा ऑनलाइन मार्केटप्प्लेस पर ईवी की उपलब्ब्धता के कारण, उत्त्तर प्रदेश के ग्राहकों की ओर से हीरो विडा और बजाज चेतक जैसे ब्रांड्स के इलेक्ट्रिक वाहनों की मजबूत मांग देखी जा रही है।

# भाजपा ने ईडी, सीबीआई और सरकारी एजेंसियों का डर दिखाकर और दबाव बनाकर चंदा वसूली की है –अखिलेश यादव

लखानऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने ईडी, सीबीआई और सरकारी एजेंसियों का डर दिखाकर और दबाव बनाकर चंदा वसूली की है। इस बार का लोकसभा चुनाव भाजपा की चंदा वसूली, बढ़ी हुई मंहगाई, बेरोजगारी के खिलाफ होगा। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। देश के इतिहास में पहली बार डर दिखाकर वसूली की जा रही है। भाजपा ने डर दिखाकर इलेक्टोरल बांड के नाम पर तमाम कम्पनियों से वसूली की। किसी से एक हजार करोड़ रूपये तो किसी से पांच सौ करोड़ रू0 तो किसी से 400 करोड़ रूपये की वसूली की। यही नहीं भाजपा के लोगों ने कोरोना वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूली कर ली। वसूली का भंडाफोड़ हुआ तो ध्यान हटाने के लिए भाजपा सरकार ने विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार कराया। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार और लूट के नए–नए तरीके खोजे है। इस सरकार में 10 प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। भाजपा सरकार ने प्रतियोगी युवाओं को धोखा दिया। भाजपा की नीयत नौकरी देने की नहीं है। कन्नौज में मंगलवार को कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद प्रेस कांफ्रेंस में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने कन्नौज समेत प्रदेश का विकास रोका है। समाजवादी सरकार में हुए विकास कार्यों को रोक दिया। समाजवादी सरकार में जिस कन्नौज की पहचान सुगंध और विकास के लिए हो रही थी। उसे अब भाजपा सांसद के करतूतों की वजह से जाना जाता है। कुछ दिन पहले भाजपा नेता ने लोधी समाज के लोगों को अपमानित किया, कहा कि लोधी समाज को पैसा देकर वोट लिया। यही भाजपा का चरित्र है। भाजपा जनता से वोट लेती है और फिर अपमानित करती है। भाजपा को विकास कार्यों से कोई मतलब नहीं है। भाजपा सिर्फ वोट की राजनीति करती है। कन्नौज की जनता सब समझ चुकी है। इस बार लोकसभा चुनाव में कन्नौज से समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी। कन्नौज में जो जोश दिखाई दे रहा है उससे स्पष्ट है कि अब विरोधियों की दाल नहीं गलने वाली है। जनता जानती है। कन्नौज का विकास सिर्फ समाजवादियों ने किया। उससे आगे कोई विकास नहीं हुआ।कहा कि भाजपा सरकार इंडिया गठबंधन की एकजुटता से घबराई हुई है। विपक्षी नेताओं पर फर्जी मुकदमें लगाकर बदनाम किया जा रहा है। हम सभी को न्यायपालिका से उम्मीद है। कोर्ट सच का साथ देगा। धीरे–धीरे सभी नेता छूट जायेंगे। भाजपा सरकार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, झारखण्ड के मुख्यमंत्रीहेमंत सोरेन, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खां साहब और उनके परिवार तथा समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी को झूठे मुकदमों में फंसाया है। विपक्ष की आवाज दबाने के लिए द्वेष भावना के चलते इन नेताओं को जेल भेजा है। इस बार लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा के अन्याय और झूठे मुकदमों के खिलाफ मतदान करेगी।

# पिछली सरकारों के समय गुंडे बम विस्फोट करते थे, अब बम–बम होता है– मुख्यमंत्री आदित्यनाथ





बदायूं लखनऊ । इस लोकसभा चुनाव में सपा–कांग्रेस का गठबंधन है। यह लोग प्रदेश को बाहर बदनाम करते हैं। यह अराजकता फैलाते थे। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाते थे। यह कर्फ्यू के समर्थक हैं। इनके समय गुंडे जगह–जगह बम विस्फोट करते थे, लेकिन हमने कहा कि उप्र में बमबाजी नहीं, हर–हर–बम–बम होगा। हमें भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के लिए जुटना है। मोदी जी ने वह कार्य किए, जो असंभव लगते थे। तीन तलाक की प्रथा पर रोक लगी, धारा–370 हटी, राम मंदिर का निर्माण हुआ और रामलला विराजमान हो गए।उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने बदायूं से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य व आंवला से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में मंगलवार को प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम में कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य का नाम आते ही सपा के प्रत्याशी भागने लगे। एक आए और भाग गए, दूसरे भी आकर भागने की फिराक में हैं।विकसित बदायूं के लिए भाजपा को आपका आशीर्वाद आवश्यकमुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन सके, इसके लिए उन्हें तीसरा कार्यकाल दीजिए क्योंकि पहले तीन वर्ष में ही मोदी जी भारत को तीसरी बड़ी महाशक्ति के रूप में स्थापित करने जा रहे हैं। यह विकसित भारत की आधारशिला बनेगा। विकसित भारत के लिए विकसित यूपी, विकसित यूपी के लिए विकसित बदायूं जरूरी है। विकसित बदायूं के लिए भाजपा को आपका आशीर्वाद आवश्यक है।10 वर्ष में बदलते भारत व सात वर्ष में बदलते यूपी को आपने देखामुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपने दस वर्ष में बदलते भारत व सात वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में बदलते उप्र को देखा है। 2014 के पहले की स्थितियां भी किसी से छिपी नहीं हैं। उस दौरान देश में वातावरण भयावह था। परिवारवाद के नाम पर लूट–खसोट की पूरी छूट थी। देश की राजनीति को बपौती समझकर भारत की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जाता था। गरीबों के हकों पर डकैती व उपद्रवियों को प्रश्रय दिया जाता था। श्रीराम जन्मभूमि के बारे में कोई आस्थावान कहता था तो लाठी–डंडे से प्रहार कर उसकी आवाज को बंद कर दिया जाता था, लेकिन 10 वर्ष में आतंकवाद, उग्रवाद व नक्सलवाद समाप्त हुआ है और गरीबों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यहां की इकॉनमी की रीढ़ बनने जा रहा गंगा एक्सप्रेसवेमुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक तरफ हमने दो माह पहले दातागंज में कंप्रेस्ड बायो गैस के प्लांट का उद्घाटन किया और अब गंगा एक्सप्रेस वे भी उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहा है। इसका कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे यहां की इकॉनमी की रीढ़ बनने जा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे लाखों रोजगार व नौकरी लेकर आएगा। आपकी कनेक्टिविटी को बेहतर करेगा। इसके निर्माण के उपरांत बदायूं से प्रयागराज–दिल्ली महज तीन–तीन घंटे में पहुंच जाएंगे। औद्योगिक कलस्टर भी विकसित होंगे। यह कार्य सपा, बसपा के लोग नहीं कर पाते।पिछली सरकारों के समय गुंडे बम विस्फोट करते थे।

# आज देश की पहचान शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में हो रही है–भूपेन्द्र सिंह चौधरी

लखनऊ(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को बिजनौर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में नगीना लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार को बडेध अन्तर से जिताने के लिए बूथ अध्यक्षों का आह्वान किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह चुनाव मोदी के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र निर्माण के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है। डबल इंजन की सरकार में बदलते देश और बदलते हुए उत्तर प्रदेश से दुनिया परिचित हुई है। आज देश की पहचान शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में हो रही है। मोदी के नेतृत्व में भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक से दुश्मनों को मुंह तोड़ जबाब भी दिया है और देश को आतंकवाद, नक्सलवाद का खात्मा करके आतंरिक सुरक्षा की गांरटी भी मिली है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बूथ अध्यक्षों से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा चुनाव प्रबंधन की मजबूती का आधार मजबूत संरचना है और मजबूत बूथ संरचना का आधार बूथ अध्यक्ष की सक्रियता है। बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुख मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों की विकास गाथा, सशक्त भारत की धमक, गरीब की खुशहाली, किसान का आय में बढोत्तरी तथा सबका सम्मान और सबको सुरक्षा की गांरटी लेकर एक–एक व्यक्ति, एक–एक घर तक सम्पर्क करना है। मतदान स्थल पर निष्पक्ष मतदान के लिए सुबह से मतदान पूर्ण होने तक डटे रहना है। प्रत्येक मतदाता को मतदान स्थल पर पहुंचाने के लिए टीम के रूप में पूरी बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों को काम करना है।कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र के सभी संकल्पों को पूर्ण किया है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, सीएए को लागू करना, तीन तलाक जैसी कुप्रथा पर रोक लगाना, प्रभु श्री राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण का संकल्प पूरा हुआ है। वैभवशाली, शक्तिशाली, आत्मनिर्भर भारत निर्माण की ओर देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में गुंडे, अपराधी, माफिया, शोहदे डर से थर–थर कांप रहे हैं, जबकि जनता खुशहाल है। मां, बहन, बेटियों सहित सभी के सम्मान और सुरक्षा की पूरी गांरटी है।

# एलन लखनऊ के मेगा ओरियंटेशन में शामिल हुए 4 हजार स्टूडेंट्स–पेरेन्ट्स

## एक्सपर्ट्स ने समझाया एलन सिस्टम, आगामी गतिविधियों की दी जानकारी

लखानऊ(आरएनएस)। इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए देशभर में विख्यात एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की शुरुआत के साथ ही लखनऊ के स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स में उत्साह नजर आ रहा है। आगामी दिनों में शुरू होने जा रहे बैच के लिए एलन लखनऊ का मेगा ओरियंटेशन सेशन मंगलवार को इकाना इंडोर स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम में 4 हजार से अधिक स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स शामिल हुए। इस अवसर पर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.नवीन माहेश्वरी व सीईओ नितिन कुकरेजा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के बाद हुई। इसके बाद एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के 35 वर्षों की यात्रा को प्रदर्शित करते हुए प्रजेन्टेशन दिया गया। इस अवसर पर निदेशक डॉ. नवीन माहेश्वरी ने कहा कि एलन का ध्येय शिक्षा के साथ संस्कार है। एलन के नाम में कॅरियर शब्द जुड़ा हुआ है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों के कॅरियर निर्माण के साथ बेहतर इंसान बनाना है, जिससे वे परिवार, समाज और देश की सेवा के लिए तैयार हो सकें। एलन दृढ़ संकल्पों के साथ आगे बढ़ रहा है। लखनऊ में बहुत समय बाद कदम रखा लेकिन पूरी तैयारी और तत्परता के साथ शुरुआत की। हमारा ध्येय है कि जिस तरह एक पौधे को बढ़ने के लिए खाद, प्रकाश और पानी चाहिए उसी तरह एक विद्यार्थी को जो सकारात्मक माहौल और श्रेष्ठ शिक्षा चाहिए वो उपलब्ध करवाएं और हम इस अवसर पर ये विश्वास दिलाते हैं कि शिक्षा की गुणवत्ता और सुविधाओं में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि लखनऊ में हो रहे इस सेशन से स्पष्ट हो गया कि विद्यार्थियों के विश्वास और अभिभावकों के साथ से हम आगे बढ़ रहे हैं। हम यहां विद्यार्थी और अभिभावकों को विश्वास दिलाने आए हैं कि श्रेष्ठ शिक्षा देने का हमारा संकल्प बरकरार रहेगा। जेईई हो या नीट और अन्य कोर्सेज एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट विद्यार्थियों का कॅरियर बनाने के लिए दिल से कोशिश करेगा। ऑफलाइन हो या डिजिटल व ऑनलाइन हर तरह से स्टूडेंट्स को और अधिक सुविधाएं दी जाएंगी। कार्यक्रम में जोनल हेड वाइस प्रसीडेंट अमित मोहन अग्रवाल ने एलन लखनऊ के कैम्पस और यहां स्टूडेंट्स को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लखनऊ में बेस्ट फेकल्टीज स्टूडेंट्स का कॅरियर बनाएगी। इसके साथ ही आगामी बैचेज व अन्य गतिविधियों के बारे में बताया।

# कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर आज रोजा इफतार का आयोजन

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर आज रोजा इफतार का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में रोजेदारों ने शिरकत की। रोजा इफतार में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय, उ0प्र0 कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना जी, एवं सांसद प्रमोद तिवारी मुख्य रूप से शामिल रहे। मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने जानकारी देते हुए बाताया कि रोजा इफतार में प्रमुख रूप से टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना मन्नान वाईजीध एव नायब इमाम मौलाना सैय्यद वासिफ वाईजीध, मशहूर शिया धर्मगुरू मौलाना यासूब अब्बास नकवी, मौलाना सैफ अब्बास नकवी, एड0 नजम जफरयाब जिलानी, सहित इफतार में शामिल सैकड़ों की संख्या में रोजेदारों ने इफतार किया। श्रीवास्तव हिंदवी ने आगे बताया कि इफतार के बाद फिरंगीमहल के नुमाईदे हजरत मौलाना मुश्ताक ने उपस्थित सभी रोजेदारों को नमाज अदा कराई। रोजा इफतार कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री मुईद अहमद, पूर्व मंत्री डॉ0 मसूद, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, दिनेश सिंह, प्रदेश महासचिव, अनिल यादव, मुकेश सिंह चौहान, अरशद खुर्शीद, अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के चेयरमैन शाहनवाज आलम, वाइस चेयरमैन असलम खुर्शीद, शाहनवाज खान, अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय संयोजक शमीम अहमद, अरशद आजमी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ0 उमा शंकर पाण्डेय, डॉ0 अलीमुल्लाह खान, अंशू अवस्थी, पुनीत पाठक, एड0 प्रदीप सिंह, पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज यादव, प्रोफेशनल कांग्रेस पूर्वी के चेयरमैन तारिक सिद्दीकी, पूर्व आईएएस अनीस अंसारी, पूर्व मंत्री कमेश भारती, पूर्व कोषाध्यक्ष नईम सिद्दीकी, आसिफ रिजवी रिंकू, आदि मौजूद रहे

# आप नेता संजय सिंह को जमानत मिलने से यूपी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर–सभाजीत सिंह

'लखनऊ ' आप सांसद संजय सिंह को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई। संजय सिंह को जमानत मिलने से यूपी के कार्यकर्त्ताओं में खुशी की लहर है. सोशल मीडिया पर कार्यकर्त्ता बधाई संदेश दे रहे हैं,वही तमाम कार्यकर्त्ता सोशल मीडिया पर संजय सिंह शेर है, शेर आ रहा है, लिखकर अपनी खुशी इजहार कर रहे है. प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने इस मौके पर कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित मोदी सरकार अरविन्द केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से डरी हुई है, चुनाव में सीधा मुकाबला नहीं कर सकती है इसलिए साजिशन कानून में फेरबदल कर आप नेताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाला जा रहा है. लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एक एक कार्यकर्त्ता कुरबानी देने को तैयार है हम लोग मोदी सरकार के दमनकारी रवैया के सामने न झुके हैं न झुकेंगे. सत्य की जीत हुई है और बहुत जल्द पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल, शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और सतेंद्र जैन सभी सम्मानपूर्वक जेल से रिहा होंगे.

# नौ माह तक चलने वाला विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव–2024 चैत्र नवरात्र से

## प्रतिभा प्रदर्शन के साथ साथ एक लाख विद्यार्थी लेंगे पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संकल्प

लखनऊ (आरएनएस)अप्रैल से दिसंबर 2024 तक चलने वाले विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव 2024 की शुरुआत चौत्र नवरात्र की प्रथम तिथि से हो जायेगी एवं इसका समापन तीन दिवसीय भव्य उत्सव के साथ दिसंबर 2024 में होगा इस दौरान विद्यार्थियों को तनावमुक्त शिक्षा एवं सफल जीवन के उद्देश्य को लेकर उनके मध्य 100 से अधिक विद्यार्थी प्रतिभा कार्यशालाये एवं अन्य विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम करायें जाएंगे।कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यक्रम संयोजक एवं जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज कुमार तिवारी ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम जनविकास महासभा एवं सामाजिक संस्था सोसायटी आफ करियर टेक्नोलॉजी के संयुक्त प्रयास से आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत के अन्तर्गत उन्हें उनकी प्रतिभा प्रदर्शन के लिये प्रेरित किया जायेगा और उनकी प्रतिभा से जुड़े करियर के प्रति भी उन्हें जागरूक किया जाएगा इसके साथ ही साथ एक लाख विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण, नशा मुक्त समाज के लिए संकल्प दिलाया जाएगा। साथ ही साथ आत्मनिर्भर स्वाबलंबी महिलाओं के उत्पादों के प्रति भी विद्यार्थियों को जागरूक करना है। पंकज कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव 2023 को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया था जिसके अंतर्गत लगभग 13000 विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के संकल्प के साथ उन्हें उनकी प्रतिभा प्रदर्शन के लिए जागरूक किया गया था एवं 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक भव्य उत्सव के दौरान उन्हें मंच प्रदान किया गया था। इस मौके पर डॉ अगम दयाल, रमेश प्रसाद अवस्थी, सुरेश चन्द्र अवस्थी, अजय यादव, अरविन्द नाथ मिश्रा, बी एन मिश्रा, श्रीमती दिव्या शुक्ला, मिस राजनंदिनी, श्रीमती जूही सोनाली, डॉ अमित सक्सेना, राजीव शर्मा, अभिषेक जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, रोहित सिंह, प्रणव मिश्रा, पंकज गुप्ता, ऋषि त्रिवेदी, अनुपम मिश्रा, शरद श्रीवास्तव आदि मौजूद थे

# एक तरफ 'स्वार्थ का परिवार' है तो दूसरी तरफ 'मोदी का परिवार–मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

बरेली लखनऊ पूरे देश में एक ही आवाज है– फिर एक बार मोदी सरकार, लेकिन यह गूंज अचानक नहीं सुनाई दे रही है। इसके पीछे दस वर्ष तक लगातार की गई प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मेहनत है। उन्होंने देश की छवि को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया, इसलिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए भारतवासी एक स्वर में यह वाक्य बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है। 2024 का चुनाव मोदी जी के प्रति भारत वासियों के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। इस चुनाव में एक तरफ 'स्वार्थ का परिवार' है तो दूसरी तरफ 'मोदी का परिवार' है।उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने बरेली से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार व आंवला से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में मंगलवार को प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित किया। एक तरफ 'स्वार्थ का परिवार' है तो दूसरी तरफ 'मोदी का परिवार'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस चुनाव में एक तरफ दंगा व कर्फ्यू पॉलिसी देने वाले लोग हैं तो दूसरी तरफ बेहतर सुरक्षा का वातावरण देने वाली मोदी सरकार है। एक तरफ माफियाराज को प्रश्रय देने वाले हैं तो दूसरी तरफ कानून का राज स्थापित करने वाली भाजपा सरकार है। एक तरफ चुनाव में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले इंडी गठबंधन के लोग हैं तो दूसरी तरफ भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति पर कार्य करने वाली मोदी सरकार है। एक तरफ 'स्वार्थ का परिवार' है तो दूसरी तरफ 140 करोड़ का 'मोदी का परिवार' है। एक तरफ जातिवाद है तो दूसरी तरफ कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर गरीब को शासन की योजनाओं का लाभ देने वाले लोग हैं।गरीब जनकल्याणकारी योजनाओं का कोई सानी नहींमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गरीब कल्याणकारी योजनाओं का कोई सानी नहीं है। कृषि सिंचाई योजना, कृषि बीमा योजना, किसान सम्मान निधि के माध्यम से अन्नदाता किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन हुआ। पीएम स्टार्ट अप, पीएम स्टैंड अप, रोजगार के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई गई। हस्तशिल्पी व कारीगरों के उन्नयन के लिए योजनाएं चलीं। महिलाओं के कल्याण के लिए मातृ वंदना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से लेकर सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं के माध्यम से परिवर्तन देखने को मिला है।विकसित भारत के लिए मोदी जी को तीसरा कार्यकाल देना जरूरी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश–प्रदेश के हर एक क्षेत्र में परिवर्तन हुआ है। मोदी जी ने विकसित भारत का संकल्प दिया है। विकसित भारत का मतलब हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली, हर नौजवान को रोजगार, हर किसान के खेत में पानी, हर व्यापारी को सुरक्षा हो।

# संपादकीय

## स्टंट का रील बनान वालों के लिए कानून का भय जरूरी

सोशल मीडिया पर स्टंट का रील बनाकर अपलोड करने के लिए 36 हजार रुपये का चालान काटा गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार आउटर रिंग रोड के एलिवेटेड फ्लाईओवर पर यह स्टंट किया गया।आरोपी कार चालक प्रदीप ढाका छज्जूराम कॉलोनी (नांगलोई) का रहने वाला है। वायरल वीडियो में हरियाणा नंबर की सुनहरी कार सड़क पर तेज रफ्तार में सर्पाकार दौड़ रही है जिसका साथी कार से बाहर आकर सेल्फी लेता है। इस दरम्यान पीछे कारों की लंबी कतार लगने से जाम की स्थिति बन गई। लोगों ने दिल्ली पुलिस व ट्रैफिक पुलिस को यह वीडियो टैग किया। कार से प्लास्टिकनुमा कुछ नकली हथियार भी बरामद किए।इससे पहले होली वाले दिन दो लड़कियों का वीडियो वायरल हुआ था जो स्कूटी पर बैठ कर एक–दूसरे को रंग लगा रही थीं। उनका नोएडा पुलिस ने कई अन्य अपराधों समेत 33 हजार रुपये का चालान किया। लड़कियों का कहना था कि इंस्टाग्राम हैंडल के लिए रोचक सामग्री बना रही थीं।एक अन्य वायरल वीडियो में बिना हैलमेट के स्कूटी पर सवार युवक के पीछे टायटैनिक का पोज बना रही लड़की गिरी थी। यह हुड़दंग केवल होली पर ही नहीं होता, बल्कि रील्स बनाने और सोशल मीडिया पर अपनी फॉलोइंग बढ़ाने के लोभ में फूहड़, अश्लील और उदंडतापूर्ण हरकतें करने वालों की हरकतें बढ़ती ही जा रही हैं। देश में युवाओं की बहुत बड़ी संख्या है, जिनके हाथ में मोबाइल है। वे बेरोजगार हैं या रोजगार न मिलने पर हताश। उनमें भरपूर ऊर्जा है जिसका इस्तेमाल करने का उचित मार्ग उन्हें नहीं सूझता। दूसरे, लगातार ऐसे सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के बारे में बढ़–चढ़ कर प्रचारित किया जाता है कि वे अपने चौनेल्स या पोस्ट के बूते लाखों रुपये कमा रहे हैं।कमाई के इस रास्ते को आसान मान कर वे अपने मोबाइल लेकर सड़कों पर निकल पड़ते हैं। हजारों में कोई एक होता है, जिसे इसमें सफलता मिलती है। नियम तोड़ने, कानून हाथ में लेने और जान जोखिम में डालने के नतीजों की फिक्र किए बगैर जुनूनी तौर पर यह सब देखा–देखी करने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है।चालान राशि चुकाने तक में अक्षम इस तरह के लोगों के साथ ज्यादा सख्ती की जानी इसीलिए भी जरूरी है इन हरकतों को गंभीरता से लिया जा सके और कानून–व्यवस्था का डर बना रहे।

## हिमालयी क्षेत्रों में परियोजनाओं को लेकर चिंता

हिमालयी क्षेत्रों में रेलवे, बांध, जल संबंधी परियोजनाओं और चार–लेन की राजमार्ग से जुड़ी सभी ढांचागत विशाल परियोजनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की केंद्र सरकार से मांग की गई है।

श्पीपुल्स फॉर हिमालयश अभियान का संयुक्त रूप से नेतृत्व कर रहे संगठनों ने शनिवार को एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में लोक सभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों के लिए पांच सूत्री एक मांग पत्र पेश किया। इन परियोजनाओं से हिमालय जैसे बनिस्बत कच्चे या कहें कि युवा पहाड़ के पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान से चिंतित संगठनों का कहना है कि इन परियोजनाओं की बहुआयामी समीक्षा किया जाना जरूरी हो गया है।इसलिए कि इनके क्रियान्वयन के क्रम में उद्योगपति पहाड़ की घाटियों और चोटियों का खुला और मनमाफिक दोहन कर रहे हैं, और इस कारण आने वाली आपदाओं का दंश स्थानीय लोगों को सहना पड़ रहा है। कहीं सुरंग बैठ जाती है, तो कहीं शहर का शहर जमींदोज होने की कगार पर है। जलवायु कार्यकताओं में इस बात को लेकर नाराजगी है कि बड़ी परियोजनाओं के जरिए श्विकासश के इन तौर–तरीकों से स्थानीय लोग प्रभावित होते हैं। जरूरी है कि परियोजना शुरू करने से पूर्व उन्हें विश्वास में लिया जाए।जनमत संग्रह और विचार–विमर्श करके ही किसी सर्वमान्य निर्णय पर पहुंचा जाए। कानूनन अनिवार्य हो कि परियोजना शुरू करने से पहले इनके पारिस्थितिकीय नुकसान के आकलन में जनभागीदारी भी होगी। अभी हो यह रहा है कि प्रोजेक्ट से प्रभावितों के पुनर्वास के लिए करदाताओं के ध न का इस्तेमाल किया जाता है, और पहाड़ों की चोटियों और घाटियों का शोषण करने वाले उद्यमियों की कोई जवाबदेही नहीं होती। वे लाभ कमाकर निकल चुके होते हैं, और पारिस्थितिकीय व पर्यावरणीय क्षति से स्थानीय आबादी हलकान और परेशान होती है। चरवाहे, भूमिहीन, दलित, जनजातियां और महिलाएं नीतिगत खामियों के चलते दरपेश आपदाओं और जलवायु संकट से सर्वाधिक त्रस्त होती हैं, जबकि उनका आफत को न्योता देने वाले मानव–निर्मित कारकों में योगदान नहीं होता। जलवायु कार्यकर्ताओं ने ब्रह्मपुत्र नदी तथा उसके बेसिन में प्रस्तावित पनबिजली विकास परियोजनाओं के प्रति भी आगाह किया है। जरूरी है कि जनभावना को श्विकास के ज्वरश से ग्रस्त न होने दिया जाए।

## शहबाज शरीफ पर मेहरबान बाइडन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल की समाप्ति के पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक पत्र लिखा है जिसके बहुत दूरगामी परिणाम होंगे। आमतौर पर यह होता है कि दो देशों के नेताओं के बीच टेलीफोन पर बात होती है।बाइडन ने यह पत्र लिखकर भारत सहित अन्य क्षेत्रीय देशों को यह संदेश दिया है कि अमेरिका और पाकिस्तान के बीच नजदीकी रिश्तों का नया दौर शुरू हो रहा है। यह भी गौर करने वाली बात है कि इस पत्र को इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने सार्वजनिक किया है। पत्र में सबसे महत्त्वपूर्ण बातंयह है कि बकौल बाइडन अमेरिका और पाकिस्तान क्षेत्रीय और विश्व मामलों पर श्राजनीतिक सहयोगत्य जारी रखेंगे। यह शब्दावली भारत के लिए चिंता का विषय बन सकती है। यह सब उस समय हो रहा है जब आम चुनाव के पहले अमेरिका भारत को लोकतंत्र का उपदेश दे रहा है। अमेरिका के रणनीतिक लक्ष्य साफ हैं। वह पाकिस्तान में चीन को बेदखल करना चाहता है तथा ईरान के खिलाफ उसे खड़ा करना चाहता है। यह भी स्पष्ट है कि इमरान खान को सत्ता से हटाने में अमेरिका ने बड़ी भूमिका निभाई है। इमरान की पार्टी के नेताओं के अनुसार अमेरिका शहबाज शरीफ की सरकार को कठपुतली की तरह इस्तेमाल करना चाहता है। अपनी सारी राजनीतिक नादानियों के बावजूद इमरान खान ने पाकिस्तान में स्वतंत्र विदेश नीति पर अमल करने की कोशिश की थी। इसी सिलसिले में वह रूस की यात्रा पर भी गए थे। यही उनकी राजनीतिक पतन का एक कारण बनी। राजनीतिक उथल–पुथल के दौर में पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर और खुफिया एजेंसी आईएसआई प्रमुख ने वाशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत की थी। सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि इसी दौरान पाकिस्तान के भावी राजनीतिक परिदृश्य का लेखा–जोखा लिया होगा।

पिछले कुछ दिनों के दौरान पाकिस्तान में चीन के आर्थिक हितों पर हमले हुए हैं जिनमें इसके प्रशिक्षितकर्मी मारे गए हैं। इसके साथ ही अमेरिका की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि वह ईरान–पाकिस्तान–तेल गैस पाइपलाइन के पक्ष में नहीं है।

# चुनाव की घोषणा के बाद काफी कुछ खो चुके हैं अखिलेश यादव

दरअसल जब से अखिलेश यादव के हाथों में समाजवादी पार्टी की कमान आई है, तब से सपा लगातार चुनाव हार रही है। 2014, 2017, 2019, 2022 के साथ ही नगर निगम चुनाव में भी सपा अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई है। आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट पर सपा उपचुनाव हार गई। राजनीति में एक पुरानी कहावत है कि कोई गठबंधन या नेता किसी का स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। कल तक जो नेता सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ मिलकर मोदी–योगी के खिलाफ पानी पी–पीकर जहर उगल रहे थे, आज वो मोदी–योगी सरकार में शामिल हो चुके हैं। माना जा रहा है कि इसके पीछे काफी हद तक सपा मुखिया अखिलेश यादव जिम्मेदार रहे हैं। अब जैसे–जैसे लोकसभा चुनाव की तारीखें पास आ रही है, वैसे–वैसे एक के बाद एक सहयोगी दलों के नेता समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब अपना दल कमेरावादी पार्टी का नाम भी शामिल हो सकता है। दोनों दलों के बीच नाराजगी के चलते दूरियां भी बढ़ने लगी है। वहीं भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद के साथ भी खेला हो गया है, जिसके बाद से सियासी गलियारों का पारा भी बढ़ गया है। चर्चाओं का दौर जारी है। चर्चा ये भी है कि अपना दल कमेरावादी पार्टी सपा से अलग हो गया है, बस औपचारिक घोषणा होना बाकी है। अखिलेश से दूर गठबंधन के सहयोगी तो जा ही रहे हैं पार्टी के कई नेताओं ने भी



समाजवादी पार्टी छोड़ दी है और अभी भी यह सिलसिला जारी है। चुनाव की घोषणा होने के समय जो अखिलेश काफी मजबूत स्थिति में दिख रहे थे अब उनकी स्थिति काफी कमजोर हो गई है। कई मौकों पर तो वह स्वयं भी अपने आप को असहाय बताते नजर आ जाते हैं। दरअसल जब से अखिलेश यादव के हाथों में समाजवादी पार्टी की कमान आई है, तब से सपा लगातार चुनाव हार रही है। 2014, 2017, 2019, 2022 के साथ ही नगर निगम चुनाव में भी सपा अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई है। आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट पर सपा उपचुनाव हार गई। हालांकि मैनपुरी लोकसभा और घोसी वि ानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के रिजल्ट जरूर अखिलेश के पक्ष में रह चुके हैं। इसी तरह चुनाव दर चुनाव में अखिलेश ने अन्य दलों के साथ गठबंधन किया लेकिन चुनाव बाद उस गठबंधन की गांठे खुलती गई। 2017 में कांग्रेस, 2019 में बसपा और 2022 में सुभासपा और जयन्त के साथ किए गए गठबंध न का हश्र एक ही हुआ। चुनाव से पहले गठबंधन हुआ और चुनाव बाद रास्ते अलग हो गए। हालांकि 2024 चुनाव के चलते राहुल और अखिलेश फिर से साथ आ गए हैं।अब इस लिस्ट में कई और भी नाम जुड़ने की ओर अग्रसर हैं।

हालात यही रहे तो सपा मुखिया अखिलेश यादव को अपना दल कमेरावादी और एएसपी चीफ चंद्रशेखर आजाद से भी हाथ धोना पड़ जाएगा। इन दोनों दलों के नेताओं से बढ़ी दूरी का कारण भी अखिलेश यादव बताए जा रहे हैं। अपना दल क. की नेता पल्लवी पटेल सपा से विधायक हैं। उन्होंने 2022 विधान सभा चुनाव में सिराथू सीट पर केशव प्रसाद मौर्य को हराकर जीत दर्ज की थी। तब से पल्लवी और अखिलेश के राजनीतिक रिश्ते बढ़ गए थे। पल्लवी को उम्मीद थी कि सपा अपना दल क. अध यक्ष कृष्णा पटेल को डस्रु या राज्यसभा के लिए भेजेगा। हालांकि विधान परिषद चुनाव और राज्यसभा चुनाव हो गए, लेकिन सपा ने कृष्णा पटेल के नाम पर सपा ने विचार भी नहीं किया, जिसके बाद पल्लवी की पार्टी ने भी अखिलेश से दूरी बना ली है।

# राजनीति में बदल रहे नैतिकता के मायने

केजरीवाल की सरकार पर सवाल उठना तो उसी समय प्रारंभ हो गए थे, जब उनका पहला मंत्री जेल में गया। उसके बाद तो जैसे लाइन ही लग गई। राजनीतिक शुचिता लाने का दम दिखाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं पर इस प्रकार के आरोप लगने केवल राजनीतिक विद्वेष नहीं हो सकता। भारतीय राजनीति में ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जो आज भी नैतिकता के आदर्श हैं। लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरा तो अवश्य करें, पर जब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आए तब नैतिकता के मायनों को बदल दिया जाता है। भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था, दिल्ली के शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं हैं। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आए हैं, लेकिन अब जब उन पर ही सवाल उठ रहे हैं, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जाएगी। यहाँ सवाल यह भी उठ रहा है कि दिल्ली के शराब घोटाले में अभी तक जिन पर आरोप लग रहे हैं, उनको जमानत लेने का पर्याप्त आधार नहीं मिल रहा, इसका आशय यह भी है कि सरकार की ओर से कोई न कोई गलत आचरण किया गया होगा, अन्यथा एक मुख्यमंत्री को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं किया जाता। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी यही कहा जा रहा है, उसके पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के संकेत पर पैसों का लेनदेन हुआ। दिल्ली में शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई प्रकार के सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह साफ तौर पर संकेत दिया है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मुख्य आरोपी है। अब यह जांच के बाद ही पता चलेगा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाए जा रहे आरोप किस हद तक सही हैं या फिर केजरीवाल अपने आपको निर्दोष साबित कर पाते हैं या नहीं। अगर प्रवर्तन निदेशालय

# सूचना का अधिकार पारदर्शिता की व्यापक पहचान पर ध्यान दें

भारत डोगरा

मई 2005 में जब भारतीय संसद ने सूचना के जन–अधिकार का राष्ट्रीय स्तर का कानून पास किया तो लोकतंत्र को सशक्त करने वाले एक महत्त्वपूर्ण कानून के रूप में इसकी सराहना की गई।

कई तरह के उतार–चढ़ाव के बाद अंत में भारत में जो राष्ट्रीय स्तर का कानून पास हुआ वह थोड़ी–बहुत कमियों के बावजूद कुल मिलाकर एक अच्छा और मजबूत कानून माना गया है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की दुनिया में लोकतंत्र को विश्व स्तर पर बहुत व्यापक मान्यता प्राप्त हुई। जो देश लोकतांत्रिक नहीं थे उन्होंने भी इसे अपनी कमी के रूप में स्वीकार किया और सीमित लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं अपनाने की चेष्टा की।

पिछले लगभग दो दशकों में कई देशों में तानाशाहियों को समाप्त कर लोकतांत्रिक सरकारों की स्थापना हुई। पर लोकतंत्र की इस ऊपरी प्रगति के बावजूद बढ़ती संख्या में विचारवान लोगों ने महसूस किया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था भीतर ही भीतर खोखली होती जा रही है। इसे सही अथरे में लोगों की भलाई और भागेदारी की व्यवस्था बनाने के लिए इसमें कई महत्त्वपूर्ण सुधारों की जरूरत है। सूचना के जन–अधिकार को भी ऐसे ही एक महत्त्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है जो किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। पर क्या सूचना के अधिकार का कानून बन जाना ही पर्याप्त है? क्या मात्र इससे यह सुनिश्चित हो जाएगा कि सरकार और प्रशासन सही मायने में पारदर्शी हैं और वे लोगों से कुछ छुपाना नहीं चाहते? अमेरिका में बहुत समय से सूचना के अधिकारध्स्वतंत्रता का कानून मौजूद है, पर इसके बावजूद सरकार ने अपने सबसे महत्त्वपूर्ण निर्णयों के संदर्भ में (विशेष तौर पर इराक पर हमले और तथाकथित आतंकवाद विरोध ी युद्ध के संदर्भ में, सैन्य खर्च तेजी से बढ़ाने के संदर्भ में) पारदर्शिता नहीं अपनाई है। सच बात तो यह है कि पूरी विश्व राजनीति को बेहद प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले इराक पर हमले संबंधी निर्णय बहुत थोड़े से सलाहकारों के एक गुट द्वारा लिए गए और आम लोगों को इनके बारे में बड़े योजनाबद्ध ढंग से गुमराह किया गया।

रिंचड क्लार्क, जो दस वर्ष तक अमेरिका के आतंकवाद विरोधी अभियान के मुखिया रहे हैं, ने अपनी पुस्तक श्अगेंस्ट ऑल इनमीजश में लिखा है रू श्मुझे संदेह है कि शायद ही किसी को बुश को यह समझाने का अवसर मिला हो कि इराक पर हमला करने से अमेरिका पहले से कम सुरक्षित हो जाएगा और उग्रवादी इस्लामी आंदोलन की ताकत बढ़ जाएगी।श क्लार्क के अनुसार आतंकवाद पर जॉर्ज बुश की प्रतिक्रिया की खास बात यह थी कि जब उन्हें आतंकवाद को पनाह देने वाले देश को सबक सिखाना था तो उन्होंने ऐसे देश को नहीं चुना जो अमेरिका विरोधी आतंकवाद पनपा रहा था, अपितु इराक को चुना जो अमेरिका विरोधी आतंकवाद फैलाने में नहीं लगा था। जब इतने शीर्ष पद पर रहा व्यक्ति पूरी जिम्मेदारी से यह लिखता है तो स्पष्ट है कि उसमें कोई गहरा दर्द है।

वैसे अमेरिकी समाज में सूचना की बाढ़ आई हुई है–किसी भी समाचार को निरंतर देने के लिए सैकड़ों प्रसार माध्यम समाचार पत्र, पत्रिकाएं, टीवी चौनल आदि मौजूद हैं। बाहरी तौर पर प्रेस की अभिव्यक्ति को गजब की स्वतंत्रता है। इसके बावजूद राष्ट्रपति बुश के दूसरे चुनाव के समय अमेरिकी जनता को एक सबसे महत्त्वपूर्ण मुद्दे के बारे में सही सूचना उपलब्ध नहीं थी। विश्व स्तर पर आम तौर पर यह जानकारी पहुंच चुकी थी कि सद्दाम हुसैन सरकार के पास न तो महाविनाशक हथियार थे और न ही उसका अल कायदा से या 9/11 के हमले से कोई संबंध था। पर इतने व्यापक और तथाकथित बेहद श्स्वतंत्रश सूचना तंत्र वाले अमेरिका में अधिकांश मतदाता मानते रहे कि सद्दाम हुसैन की सरकार के पास महाविनाशक हथियार थे और उसका 9ध्11 के हमले से संबंध था। अमेरिकी नागरिकों की यह गलतफहमी कई सव्रेक्षणों में सामने आई। सवाल वाजिब है कि ऐसा तंत्र, जहां सूचना का अधिकार भी है, सब तरह का सूचनाओं के प्रसार की स्वतंत्रता है, बहुत से माध यम सक्रिय हैं और अरबों डॉलरों का सूचना उद्योग है, वहां सबसे चर्चित मुद्दे पर सही जानकारी




लोगों तक क्यों नहीं पंहुचती है? स्पष्ट है कि सूचना के अधिकार का कानून बनाने के लिए तैयार हो जाने का अर्थ यह नहीं है कि किसी सरकार का चरित्र मूल रूप से पारदर्शी और ईमानदार हो गया है। हां, इतना जरूर है कि सूचना के अधि ाकार का उपयोग सजगता और समझदारी से किया जाए तो इससे सरकार और प्रशासन को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के अवसर अवश्य उपलब्ध ा होते हैं। हमें कानून की संभावनाओं और सीमाओं, दोनों के प्रति सचेत रहते हुए मात्र कानून बनने से लक्ष्य प्राप्त हुआ नहीं मान लेना चाहिए। इस कानून से जो अवसर प्राप्त हुए हैं, उनका उपयोग करते हुए पारदर्शिता और लोकतंत्र को सशक्त करने के प्रयास निरंतर जारी रहने चाहिए। यदि नागरिकों ने ऐसी सजगता और सक्रियता नहीं दिखाई तो सरकारें पारदर्शिता का प्रदर्शन अधिक करेंगी पर पारदर्शिता को आत्मसात कम करेंगी। पारदर्शिता केवल किसी सरकार या सरकारी संस्थान के लिए नहीं अपितु सभी सामाजिक संस्थानों–संगठनों और सार्वजनिक जीवन जीने वाले सभी व्यक्तियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन सब के लिए पारदर्शिता का अर्थ किसी वैधानिक मजबूरी से कहीं अधिक व्यापक होना चाहिए। पारदर्शिता का अर्थ केवल यह नहीं है कि यदि कानून ने हमें कोई सूचना सार्वजनिक करने के लिए कहा है तो हम ऐसा करेंगे। सही अथरे में पारदर्शिता कहीं अधि ाक व्यापक है। हो सकता है कि कुछ समय के लिए कोई जानकारी किसी बहुत विशेष कारण से गुप्त रखना जरूरी हो जाए, पर सामान्यतरू एक पारदर्शी व्यक्ति की सोच यह है कि जब मुझे हर कार्य पूरी ईमानदारी से ही करना है तो फिर उसे कुछ छिपाने की जरूरत ही क्या है। एक सार्वजनिक व्यक्ति के रूप में मेरी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, जो वादे करता हूं उन्हें निभाने का पूरा प्रयास करता हूं, जो कहता हूं वही करता हूं, तो फिर मैं कुछ छिपाने का प्रयास क्यों करूं। सामान्यतरू अपने निर्णय और निर्णय प्रक्रिया के बारे में पूर्ण पारदर्शिता अपनाना किसी भी ईमानदार और सच्चे व्यक्ति के अपने ही हित में है। यही कारण है कि सबसे ईमानदार व्यक्ति, चाहे वे सरकारी अधिकारी हो या किसी सामाजिक संस्था से जुड़े हो या किसी अन्य सार्वजनिक जिम्मेदारी को निभा रहे हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि आज आप का उत्साह बढ़ेगा। आप अपने आपको भाग्यशाली अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको नए मौके मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको प्यार और सम्मान मिलेगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचें। आप के सामने कुछ भावनात्मक चुनौतियां आएंगी। आप अपने भाई बहनों का सहयोग करेंगे। आज आप नया व्यापार शुरू करने का सोच सकते हैं।

वृष राशिरू आपके लिए आज का दिन खुशहाल रहेगा। आपके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा। छात्रों की रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। करियर में नए अवसर मिलेंगे। लंबी यात्राओं के योग हैं। जिससे आपके व्यापार में लाभ होगा। आर्थिक रूप से मजबूती आयेगी। पारिवारिक जीवन से समस्याएं दूर होगी। आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

मिथुन राशिरू आपके लिए सकारात्मक बदलाव लाने वाला दिन है। प्राइवेट सेक्टर में जॉब करने वाले लोगों को कोई अच्छा प्रोजेक्ट मिल सकता है। जिसमें आप अपनी पूरी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इससे आपको लाभ होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। विभिन्न स्रोतों से आमदनी बढ़ेगी। विशेष कार्य पर खर्चे भी हो सकते हैं।

कर्क राशिरू आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आपको किसी बड़े लाभ की प्राप्ति हो सकती है। आपको आध्यात्मिक कार्यों में आनंद आएगा। किसी कोर्ट केस का नतीजा आपके पक्ष में आने की संभावना है। आपके विरोधी कुछ परेशानियां खड़ी करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके परिवारिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

सिंह राशिरू आपके लिए सफलता दिलाने वाला दिन है। आपके सभी काम बनेंगे। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। जिसमें आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। कुछ कार्यों को लेकर आज भागदौड़ हो सकती है। आज पॉजिटिव सोच रखें।

कन्या राशिरू आपके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। नौकरी में बॉस का सहयोग मिलेगा। जिससे आपको काफी लाभ होने की संभावना है। साझेदारी के व्यापार में तालमेल अच्छा बना रहेगा। आपको किसी के माध्यम से धन लाभ हो सकता है। आपके परिवार में आनंद का वातावरण बना रहेगा। जिससे आपको अच्छा सहयोग मिलेगा। आपके व्यापार में लाभ होगा। किसी पारिवारिक आयोजन पर धन खर्च हो सकता है। ऐसा करना आपके पारिवारिक रिश्ते को और भी मजबूत बनाएगा। जीवनसाथी के साथ रिश्ते मधुर होंगे। अगर आप अविवाहित हैं तो विवाह के योग बन रहे हैं।

धनु राशिरू आज के दिन आपकी पॉजिटिविटी बनी रहेगी। आज कार्य क्षेत्र में काम का दबाव रहेगा। आप समय पर कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपके करियर में प्रगति के योग हैं।

मकर राशिरू आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको नई नौकरी के लिए कोई ऑफर आ सकता है। पारिवारजनों के आपसी तालमेल बनाकर रखें। व्यापार करने के लिए अच्छे लाभ की प्रबल संभावना है। कहीं किए गए निवेश का अच्छा रिटर्न मिलेगा। विद्यार्थियों की रूचि खेलकूद में बढ़ेगी। आपको अच्छे ध ान लाभ के योग हैं।

कुंभ राशिरू आपका दिन अच्छा बीतेगा। आप अच्छी रणनीति के साथ कार्यक्षेत्र का काम करेंगे। सहकर्मियों के साथ आपके तालमेल अच्छे रहेंगे। आप अपने जीवनसाथी के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। पारिवारिक खर्च बढ़ेंगे। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि रहेगी। आप परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं। व्यापारी वर्ग को अपने विरोधियों का सामना करना पड़ सकता है।

मीन राशिरू आज आपका दिन लकी रहेगा। किसी सिलसिले में विदेश यात्रा का मौका मिल सकता है। आपका मन अध्यात्म में लगेगा। कार्य क्षेत्र में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं। आप अपनी समझदारी से आगे बढ़ेंगे, आपको लाभ होगा। आज आप अपने व्यापार को और बढ़ाने के लिए नया प्लान बनायेंगे, योजनाएं सफल होंगी। आज आपको किसी से बात करते समय अपनी भाषा पर नियंत्रण रखें।

# आज ही के दिन टीम इंडिया बनी थी वनडे विश्व विजेता, एमएस धोनी ने छक्का लगाकर बनाया था चैंपियन




भारतीय क्रिकेट टीम ने 28 साल के लंबे इंतजार के बाद इतिहास रचा। आज ही के दिन 2 अप्रैल, भारतीय टीम वनडे की वर्ल्ड कप विजेता बनी थी। एमएस धोनी की कप्तानी में भारत ने श्रीलंका को फाइनल में 6 विकेट से मात देकर खिताब हासिल किया। उस दौरान धोनी ही मैच के हीरो भी चुने गए थे। उन्होंने 79 गेंद में नाबाद 91 रन बनाए थे।साल 2011, जगह मुंबई वानखेड़े स्टेडियम.. वो एतिहासिक दिन जब भारतीय क्रिकेट टीम ने 28 साल के लंबे इंतजार के बाद इतिहास रचा। आज ही के दिन 2 अप्रैल, भारतीय टीम वनडे की वर्ल्ड कप विजेता बनी थी। एमएस धोनी की कप्तानी में भारत ने श्रीलंका को फाइनल में 6 विकेट से मात देकर खिताब हासिल किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 274 रन बनाए थे, जिसके जवाब में भारतीय टीम ने 48.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया था। कप्तान एमएस धोनी ने छक्का लगाकर टीम इंडिया को चौंपियन बनाया था। उनका वो छक्का शायद ही कोई क्रिकेट फैन भूला होगा। उस दौरान धोनी ही मैच के हीरो भी चुने गए थे। उन्होंने 79 गेंद में नाबाद 91 रन बनाए थे। जबकि गौतम गंभीर ने 97 रन बेहतरीन और अहम पारी खेली थी। भारत 1983 के बाद यानी 28 साल बाद वर्ल्ड चौंपियन बना था।

# टी 20 टूर्नामेंट की फिर से हो सकती है शुरुआत, भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड बोर्ड ने की आपस में चर्चा

मुंबई। आखिरी बार चौम्पियंस टी20 लीग का आयोजन 2014 में हुआ था जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस समय भारत से तीन, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से दो दो और पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड से एक एक टीम ने इसमें भाग लिया था। मुंबई। भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड दस साल पहले बंद हो चुकी चौम्पियंस लीग क्लब टी20 चौम्पियनशिप को फिर शुरू करने के लिये आपस में बातचीत कर रहे हैं। आखिरी बार चौम्पियंस टी20 लीग का आयोजन 2014 में हुआ था जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस समय भारत से तीन, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से दो दो और पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड से एक एक टीम ने इसमें भाग लिया था। चौम्पियंस लीग में 2009 . 10 और 2014 . 15 के बीच छह सत्र खेले गए जिनमें से चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में हुए। चेन्नई सुपर



किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दो बार खिताब जीता जबकि आस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक एक बार खिताब जीता। क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने कहा कि अति व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर में इसके लिये विंडो बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। भारत में मेलबर्न क्रिकेट अकादमी के लांच के लिये खेलोमोर से साझेदारी के मौके पर उन्होंने कहा ," मुझे लगता है कि चौम्पियंस लीग समय से पहले की पहल थी। उस समय टी20 क्रिकेट इतना परिपक्व नहीं हुआ था। लेकिन अब है।" उन्होंने कहा ," क्रिकेट आस्ट्रेलिया, ईसीबी और बीसीसीआई इसे फिर शुरू करने पर बात कर रहे हैं। इसके लिये आईसीसी के व्यस्त कैलेंडर में विंडो तलाशना मुश्किल है। हो सकता है कि पहली चौम्पियंस लीग महिला क्रिकेट में हो

# हार के बाद मायूस दिखे हार्दिक पंड्या, कहा- मेरे विकेट ने पूरे खेल को बदला

मुंबई हार्दिक ने मैच के बाद कहा, ''हमने उस तरह से शुरुआत नहीं की जैसी हम चाहते थे। मुझे लगता है कि हम 150 या 160 रन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में थे लेकिन मुझे लगता है कि मेरे विकेट ने खेल बदल दिया और उन्हें मैच में बेहतर स्थिति में ला दिया। मुझे लगता है कि मैं बेहतर कर सकता था। मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह विकेट की हार के बाद स्वीकार किया कि उनके विकेट ने अंतर पैदा किया और वह बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। मुंबई के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने रियान पराग (39 गेंद में नाबाद 54 रन, पांच चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक से 15.3 ओवर में ही चार विकेट पर 127 रन बनाकर जीत दर्ज की। मुंबई की यह लगातार तीसरी हार है और उसे अब भी पहली जीत का इंतजार है।इससे पहले युजवेंद्र चहल (11 रन पर तीन विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (22 रन पर तीन विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने मुंबई की टीम नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया।हार्दिक ने मैच के बाद कहा, ''हमने उस तरह से शुरुआत नहीं की जैसी हम चाहते थे। मुझे लगता है कि हम 150 या 160 रन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में थे लेकिन मुझे लगता है कि मेरे विकेट ने खेल बदल दिया और उन्हें मैच में बेहतर स्थिति में ला दिया। मुझे लगता है कि मैं बेहतर कर सकता था।पिच के संदर्भ में हार्दिक ने कहा, ''गेंदबाजों को कुछ मदद मिलना अच्छा है। यह खेल गेंदबाजों के लिए काफी क्रूर है। लेकिन यह अप्रत्याशित था। यह सब सही चीजें करने के बारे में है।

# टी 20 वर्डकप में नहीं खेलेंगे इंग्लैंड के स्टार आलराउंडर बेन स्टोक्स, यहां जानें कारण

बेन स्टोक्स ने पूरी तरह फिट होने और टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2024 से किनारा कर लिया है। दिलचस्प बात ये है कि बेन स्टोक्स इंग्लैंड की 2022 टी20 वर्ल्ड कप जीत में प्लेयर ऑफ द मैच थे और ये निश्चित रूप से इंग्लिश टीम के लिए बड़ा झटका है। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने पूरी तरह फिट होने और टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2024 से किनारा कर लिया है। दिलचस्प बात ये है कि बेन स्टोक्स इंग्लैंड की 2022 टी20 वर्ल्ड कप जीत में प्लेयर ऑफ द मैच थे और ये निश्चित रूप से इंग्लिश टीम के लिए बड़ा झटका है। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस शीर्ष प्रतियोगिता के शुरू होने से दो महीने पहले इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को अपने फैसले के बारे में जानकारी दे दी है। ईसीबी द्वारा जारी बयान में स्टोक्स ने कहा, ''मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरा ध्यान गेंदबाजी फिटनेस हासिल करने पर है जिससे कि क्रिकेट के सभी प्रारूपों में ऑलराउंडर की भूमिका निभा सकूं।''उन्होंने कहा, ''आईपीएल और विश्व कप से बाहर रहना उम्मीद है कि वह बलिदान होगा जिससे मुझे वह ऑलराउंडर बनने में मदद मिलेगी जो मैं निकट भविष्य में बनना चाहता हूं।'' स्टोक्स भारत के टेस्ट दौरे पर इंग्लैंड के कप्तान थे जहां उनकी टीम को 1–4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस दौरे



के दौरान उन्होंने महसूस किया कि गेंदबाजी के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं थे। स्टोक्स ने आगे कहा कि, हाल ही में भारत के टेस्ट दौरे से पता चला कि घुटने की सर्जरी और नौ महीने बिना गेंदबाजी के रहने के बाद मैं गेंदबाजी के नजरिए से कितना पीछे था।'' उन्होंने कहा, ''मैं हमारे गर्मियों के टेस्ट सत्र की शुरुआत से पहले काउंटी चौंपियनशिप में डरहम के लिए खेलने के लिए उत्सुक हूं। मैं जोस (बटलर), मोट्टी (मैथ्यू मॉट) और पूरी टीम को अपना खिताब बचाने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।'' वर्ष 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप का पिछला टूर्नामेंट जीतने वाला इंग्लैंड कैरेबिया में खिताब का बचाव करेगा। पिछले टी20 विश्व कप फाइनल में स्टोक्स ने एमसीजी में पाकिस्तान पर पांच विकेट की जीत के दौरान फाइनल में विजयी रन बनाया था।

# आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की चुनौती के लिये तैयार है दिल्ली कैपिटल्स

बुधवार को आईपीएल के मैच में यह साबित करने पर लगी होंगी कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की नजरें जीत की हैट्रिक पर लगी होंगी। दिल्ली ने रविवार को गत चौम्पियन चेन्नई को 20 रन से हराया जो इस सत्र में उनकी पहली जीत थी।दिल्ली कैपिटल्स की नजरें बुधवार को आईपीएल के मैच में यह साबित करने पर लगी होंगी कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की नजरें जीत की हैट्रिक पर लगी होंगी। दिल्ली ने रविवार को गत चौम्पियन चेन्नई को 20 रन से हराया जो इस सत्र में उनकी पहली जीत थी। अब उनका सामना केकेआर से है जिसके बल्लेबाजों ने 29 मार्च को रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर के गेंदबाजों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था।दिल्ली के लिये आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और पृथ्वी साव पर अच्छी शुरूआत देने की जिम्मेदारी होगी। इस बीच ऋषभ पंत ने पहले दो मैचों में औसत प्रदर्शन के बाद अपने पुराने फॉर्म में लौटते हुए 32 गेंद में 51 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स और आस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श भी विरोधी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर हैं। स्टब्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया और टीम उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद कर रही होगी।

# आप चाहते हैं सबसे मुश्किल काम लीडर... हार्दिक पंड्या पर बिफरे इरफान पठान




इरफान पठान एक बार फिर मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर जमकर बिफरे हैं। उन्होंने कहा है कि एक लीडर से आप सबसे मुश्किल काम करने की उम्मीद करते हैं और अगल लीडर ऐसा नहीं करता है तो फिर वो टीम की इज्जत हासिल नहीं कर सकता। इरफान राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में पंड्या की बल्लेबाजी से नाखुश हैं।पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान एक बार फिर मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर जमकर बिफरे हैं। उन्होंने कहा है कि एक लीडर से आप सबसे मुश्किल काम करने की उम्मीद करते हैं और अगल लीडर ऐसा नहीं करता है तो फिर वो टीम की इज्जत हासिल नहीं कर सकता। इरफान राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में पंड्या की बल्लेबाजी से नाखुश हैं। दरअसल, मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच हुए मैच के बाद इरफान पठान ने एक के बाद एक कई ट्वीट किए। इसमें उन्होंने रियान पराग की काफी तारीफ की। इसके साथ ही नई गेंद जसप्रीत बुमराह को थमाने के हार्दिक के फैसले की वजह भी बताई। हालांकि, इरफान ने हार्दिक की कप्तानी की खुलकर आलोचना भी की। उन्होंने लिखा कि, आप चाहते हैं कि आप लीडर सबसे मुश्किल काम को अंजाम दें। अगर वो ऐसा नहीं करता है तो फिर टीम की इज्जत नहीं हासिल कर पाएगा। पठान ने हार्दिक की बल्लेबाजी को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने लिखा कि, जो लोग खेल को समझते हैं कि अगर आप सेट हैं तो फिर टीम को आखिर तक ले जाना आपका काम है। ये कोई रॉकेट साइंस नहीं है। आपको अपने बेस्ट गेंदबाज को सबसे पहले लाना होगा। आखिरकार बुमराह के पास गेंद आई है। ऐसा इसलिए हुआ राजस्थान रॉयल्स को छोटे लक्ष्य का पीछा करना है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में जब मुंबई इंडियंस को हार का मुंह देखना पड़ा था। तब मुंबई के हर बल्लेबाज ने 278 के टारगेट का पीछा करते हुए 200 या उससे ज्यादा के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की थी।

# बीसीसीआई का बड़ा फैसला, आईपीएल 2024 के दो मैचों का शेड्यूल बदला

बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 के बीच बड़ा निर्णय लिया है। बीसीसीआई ने दो मुकाबलों का अचानक शेड्यूल बदल लिया है। एक मैच एक दिन पहले और दूसरा मुकाबला एक दिन बाद खेला जाएगा। इसमें चार टीमों कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स पर असर पडेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 के बीच बड़ा निर्णय लिया है। बीसीसीआई ने दो मुकाबलों का अचानक शेड्यूल बदल लिया है। एक मैच एक दिन पहले और दूसरा मुकाबला एक दिन बाद खेला जाएगा। इसमें चार टीमों कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स पर असर पडेग्गा।



इस बात के संकेत पहले ही मिल गए थे कि लोकसभा चुनावों के कारण कुछ मुकाबलों के शेड्यूल पर असर पड़ेगा जिसके बाद बदलाव हो सकता है। केकेआर और राजस्थान रॉयल के बीच मैच पहले 17 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में खेला जाना था। लेकिन अब ये मैच एक दिन पहले यानी 16 अप्रैल को खेला जाएगा। वहीं, गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच ही 16 अप्रैल को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में मैच खेला जाना था, अब ये मैच एक दिन बाद यानी 17 अप्रैल को होगा। वेन्यू में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दरअसल, 17 अप्रैल को रामनवमी है और केकेआर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इस दिन अपने होम मैच की मेजबानी से इनकार कर दिया था। क्योंकि कोलकाता में रामनवमी का जश्न होना था। इसी कारण से आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने केकेआर और राजस्थान के मैच को एक दिन पहले कर दिया और गुजरात टाइटंस के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले होम मैच को एक दिन आगे खिसका दिया। पहले ये मैच 16 अप्रैल को ही होना था अब ये 17 अप्रैल को खेला जाएगा। बता दें कि, बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा भारतीय क्रिकेट बोर्ड को शहर में सुरक्षा स्थिति के बारे में बताने के बाद ये निर्णय लिया गया। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने जानकारी दी थी कि कोलकाता पुलिस ने 17 अप्रैल को रामनवमी समारोह के कारण मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थता जताई थी। वहीं 19 अप्रैल को बंगाल में भी मतदान होना है जबकि कोलकाता में 1 जून को होगा।

# घर में इस तरह से साफ करें तकिया, दूर हो जाएगी सारी गंदगी

तकिया हमारे रोजमर्रा की जिध्दंगी का एक अहम हिस्सा है, जो हमें आराम और सुकून देता है. लेकिन, क्या आप जानते हैं कि तकिये की सफाई घर में आसानी से कैसे कर सकते हैं अक्सर हम अपने घर की सफाई करते समय तकियों की सफाई को नजरअंदाज कर देते हैं. लेकिन, तकिया वह चीज है जिसे हम रोजाना इस्तेमाल करते हैं और इसकी सफाई का सीधा संबंध हमारी स्वास्थ्य से है. नीचे दिए गए कुछ आसान तरीकों से आप अपने तकिये को साफ करके सारी गंदगी दूर कर सकते हैं. आइए जानते हैं तकिए में भरा जाने वाला मेटेरियल को सफाई से कोई नुकसान तो नहीं होगा.तकिये की जांच करेंपहले तकिये का लेबल चेक करें कि मशीन से धो सकते हैं या नहीं. कुछ तकिये केवल हाथ धोने लायक या सूखी सफाई से साफ होते हैं. इससे आपको सही धोने का तरीका पता चलेगा.मशीन वॉशअगर आपके तकिये मशीन में धोने योग्य हैं, तो उन्हें धीमी स्पीड पर और हल्के डिटर्जेंट के साथ धोएं. यह तरीका तकिये को सही से साफ करता है और उन्हें नुकसान भी नहीं पहुंचाता. अच्छा होगा अगर आप दो तकिये एक साथ धोएं, क्योंकि इससे वॉशिंग मशीन अच्छे से बैलेंस में रहती है और तकिये भी बराबरी से साफ होते हैं.हाथ धोनाअगर आपका तकिया केवल हाथ से धोने के लिए है, तो गरम पानी में हल्का डिटर्जेंट मिलाकर इस्तेमाल करें. तकिये को इस पानी में अच्छे से भिगो दें और फिर बहुत ही सौम्यता से इसे धोएं. इस तरह से धोने से तकिया साफ भी हो जाएगा और इसकी मुलायमता भी बनी रहेगी. यह तरीका तकिये को नरम और साफ रखने के लिए सही है.दाग हटानाअगर



तकिये पर दाग लग जाए, तो दाग हटाने का सॉल्यूशन इस्तेमाल कर सकते हैं. लेकिन, शुरू में, इसे तकिये के एक छोटे हिस्से पर लगाकर टेस्ट करें और देखें कि कपड़ा इससे खराब तो नहीं हो रहा. ऐसा करने से, आप सुनिश्चित कर सकते हैं कि तकिये का कपड़ा सुरक्षित रहेगा और साथ ही दाग भी साफ हो जाएगा.धूप में जरूर सुखाएं तकिए में भरा जाने वाला मेटेरियल, जैसे कि फोम, कपास, या पंख, पानी के संपर्क में आने पर नुकसान पहुंच सकता है. जब पानी इन मेटेरियल्स में घुस जाता है, तो वह सूखने में समय लेता है, लेकिन ध्यान देना जरूरी है कि टेरियल को नुकसान न पहुँचे।.सफाई के बाद तकिये को अच्छी तरह से सुखाना भी महत्वपूर्ण है ताकि मोल्ड और बैक्टीरिया के विकास से बचा जा सके.

# पतली आइब्रो से आप भी है परेशान तो आज से फालो करें ये आसान टिप्स, कुछ ही दिनों में दिखेगा असर

सुंदर दिखने के लिए लोग बहुत कुछ करते हैं. लड़का हो या लड़की हर कोई खूबसूरत दिखना चाहता है. इसके लिए लोग कई ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं. लेकिन कई बार चेहरे पर कुछ दाग धब्बे, डार्क सर्कल्स और कुछ निशान होने की वजह से लोगों के



फेस का लुक थोड़ा सा खराब हो जाता है.यही नहीं कुछ लोगों की आइब्रो बहुत ज्यादा पतली होती है जिस वजह से भी उन्हें शर्म जैसा महसूस होता है. आपकी भी आइब्रो अगर पतली है तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको कुछ खास टिप्स के बारे में बताएंगे जिसे फॉलो कर आप अपनी आईब्रो घनी कर सकते हैं. आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में.इन चीजों का करें इस्तेमालपतली आइब्रो चेहरे का लुक बिगाड़ देती है, इसे घनी करने के लिए आप कुछ टिप्स को फॉलो कर सकते हैं जैसे की रात को सोने से पहले आपको अपनी आइब्रो पर नारियल तेल लगाना है और फिर धीरे–धीरे मसाज करनी है. ध्यान रहे आपको रात में नहीं धोना है. रात भर तेल लगा रहने दे, फिर सुबह उठ कर अपने मुंह को धो लें. एलोवेरा जेल भी आइब्रो को घना करने में काफी फायदेमंद माना गया है.इसके अलावा आप प्याज का रस अपनी आइब्रो पर लगा सकते हैं, 15 से 20 मिनट होने के बाद आप इसे धो लें. आइब्रो को घना करने के लिए अरंडी का तेल भी काफी फायदेमंद माना गया है. मेथी दाना शुरू से ही बालों की ग्रोथ के लिए काफी जाना जाता है आइब्रो घनी करने के लिए आपको मेथी दाने को रात में पानी में भिगोकर रखना है सुबह इसे पीसकर इसका पेस्ट बना ले और अपने आइब्रो पर लगा ले. पेस्ट लगाने के 20 मिनट बाद इसे आप धो सकते हैंइन सबके अलावा आप अपनी डाइट में विटामिन ए,बी,सी और ई जैसे फूड शामिल करें यह सब टिप्स आपकी आइब्रो घनी करने में मदद कर सकती है. लेकिन ध्यान रहे कुछ लोगों को फेस पर एलर्जी या दाने जैसी समस्याएं हो सकती है, अगर ऐसा कुछ होता है तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें

# एकता कपूर की लव सेक्स और धोखा 2 का टीजर जारी, बोल्डनेस की हदें पार करती फिल्म की कहानी

निर्माता एकता कपूर पिछले काफी समय से फिल्म लव सेक्स और धोखा की दूसरी किस्त लव सेक्स और धोखा 2 को लेकर सुर्खियों में हैं।इस फिल्म का निर्देशन जाने–माने निर्देशक दिबाकर बनर्जी कर रहे हैं।अब एकता ने फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 का टीजर जारी कर दिया है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है।टीजर में एमएमएस कांड, ऑनर किलिंग और स्टिंग ऑपरेशन सहित कुछ दिलचस्प विषयों को छुआ गया है।

लव सेक्स और धोखा 2 का टीजर देखने के बाद किसी का भी सिर घूम जाएगा. लव सेक्स और धोखा 2 के टीजर का यह पहला डोज है. टीजर 18 प्लस है, नाबालिगों के लिए यह टीजर तो बिल्कुल भी नही हैं. टीजर में उर्फी जावेद और पॉपुलर म्यूजिशियन अन्नू मलिक भी दिख रहे हैं. आइए जानते हैं कब रिलीज हो रही है लव सेक्स और धोखा 2 टीजर की शुरुआत



ही काफी अश्लील सीन से होती है. टीजर असल में अश्लीलता से शुरू होता है और अश्लीलता पर ही खत्म हो रहा है.फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 19 अप्रैल को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। पहले यह 16 फरवरी, 2024 को दर्शकों के बीच आने वाली थीखास बात है कि 19 अप्रैल को ही करण जौहर भी अपनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की जोड़ी नजर आएगी।लव सेक्स और धोखा 2 2010 में आई फिल्म लव सेक्स और धोखा की सीक्वल है।फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 में लवर्स के रिश्तों की खटास, प्यार में ध ोखा और आज के प्यार के स्वरूप की हकीकत को बयां करेगी. आज का इंटरनेट वाला लव कितना सफल और विफल है, इस पर भी प्रकाश डालेगी. फिल्म एकता कपूर के बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी है।

## विजय देवरकोंडा स्टारर फैमिली स्टार की एडवांस बुकिंग शुरू, 5 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म


स्टार हीरो विजय देवराकोंडा की आगामी फिल्म फैमिली स्टार अगले शुक्रवार को सिनेमाघरों में भव्य रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म के लिए टिकट बुकिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। अपने टीजर, गीतात्मक गीतों और ट्रेलर की रिलीज के



बाद, फैमिली स्टार ने जबरदस्त चर्चा पैदा कर दी है। यह उत्साह टिकट बुकिंग में भी साफ दिख रहा है, सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स दोनों में टिकटें तेजी से बिक रही हैं। एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजक फिल्म के रूप में, दर्शक अपने परिवार के साथ फैमिली स्टार देखने के लिए उत्सुक हैं। प्रतिष्ठित प्रोडक्शन हाउस श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले स्टार निर्माता दिल राजू और शिरीष द्वारा निर्मित, फैमिली स्टार को निर्देशक परसुराम पेटला ने एक संपूर्ण मनोरंजन के रूप में तैयार किया है। मृणाल ठाकुर नायिका के रूप में हैं, जबकि वासु वर्मा रचनात्मक निर्माता के रूप में काम करते हैं।एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजन फिल्म के रूप में, फैमिली स्टार ने सभी उम्र के दर्शकों के साथ तालमेल बिठा लिया है, जिससे यह गुणवत्तापूर्ण मनोरंजन की तलाश करने वाले परिवारों के लिए एक अवश्य देखने योग्य फिल्म बन गई है। फिल्म का निर्माण प्रसिद्ध निर्माता दिल राजू और शिरीष ने श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले किया है, जिससे इसकी रिलीज को लेकर प्रत्याशा बढ़ गई है। मनोरंजक फिल्में देने की अपनी क्षमता के लिए मशहूर, परसुराम पेटला द्वारा निर्देशित, फैमिली स्टार एक आनंददायक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है।प्रतिभाशाली मृणाल ठाकुर की मुख्य भूमिका वाली फैमिली स्टार एक मजबूत रचनात्मक टीम का दावा करती है, जिसमें वासु वर्मा रचनात्मक निर्माता के रूप में कार्यरत हैं।यह फिल्म 5 अप्रैल को भव्य नाटकीय रिलीज के लिए तैयार है, और दर्शक बड़े पर्दे पर जादू देखने के लिए उत्सुकता से दिन गिन रहे हैं।

## अजय देवगन की शैतान ने दुनियाभर में पार किया 200 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा

विकास बहल के निर्देशन में बनी फिल्म शैतान की हॉरर और सस्पेंस से भरपूर कहानी और तमाम सितारों की उम्दा अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।इस फिल्म में अजय देवगन और आर




माधवन आमने–सामने हैं।काले जादू के इर्द–गिर्द घूमती यह फिल्म पिछले 4 सप्ताह से बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है। क्रू, स्वतंत्र वीर सावरकर और मडगांव एक्सप्रेस जैसी फिल्मों के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बावजूद शैतान की कमाई जारी है।अब शैतान की कमाई के 24वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, चौथे रविवार इस फिल्म ने 1.90 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 138.90 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में भी शैतान का खूब डंका बज रहा है। इस फिल्म ने 24 दिन में 200 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।शैतान की सफलता के बाद अब अजय फिल्म मैदान में नजर आएंगे, जो 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।इसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है। बोनी कपूर इस फिल्म के निर्माता हैं।इसके बाद अजय औरों में कहां दम था में दिखाई देंगे। इसमें एक बार फिर तब्बू उनकी जोड़ीदार होंगी। यह फिल्म 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।इसके अलावा अजय सिंघम अगेन और रेड 2 जैसी फिल्मों में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।

# अमर सिंह चमकीला, मैदान से लेकर बड़े मियां छोटे मियां तक, ये हैं अप्रैल में रिलीज होने वाली फिल्में

अप्रैल 2024 में रिलीज होने वाली बॉलीवुड फिल्मों की सूची सोच रहे हैं कि क्या देखा जाए? कोई चिंता नहीं... आज, हम आपके लिए विभिन्न शैलियों वाली 6 बॉलीवुड फिल्मों की एक सूची लेकर आए हैं जिन्हें आप इस महीने अपनी वॉचलिस्ट में शामिल करना चाहेंगे। चलो देखते हैं –अप्रैल 2024 में रिलीज होने वाली बॉलीवुड फिल्में 2024) जीवनी पर आधारित स्पोर्ट्स–ड्रामा मैदान से लेकर मसाला एक्शन–एंटरटेनर बड़े मियां छोटे मियां, म्यूजिकल–ड्रामा अमर सिंह चमकीला और बहुत कुछ... दिलचस्प फिल्मों की एक सूची के साथ बॉलीवुड आपके मनोरंजन का ख्याल रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसी महीने रिलीज होगी ये फिल्में–1) मैदान निर्देशक अमित रविंदरनाथ शर्मा कलाकाररू अजय देवगन, गजराज राव, प्रियामणि रिलीज की तारीखरू 10 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में सारांश भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच और प्रबंधक सैयद अब्दुल रहीम से प्रेरित, जिन्हें भारतीय वास्तुकार माना जाता है फुटबॉल, 1952 से 1962 तक के स्वर्ण युग को समेटे हुए। 2) बड़े मियां छोटे मियां निर्देशक अली अब्बास जफर कलाकाररू अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ,





पृथ्वीराज सुकुमारन
रिलीज डेट 10 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में सारांशरू जब देश में एक नकाबपोश दुश्मन खड़ा होता है, देश के सबसे खतरनाक हथियार को चुराकर बेरहमी से सेना को निशाना बनाते हुए, बड़े मियां (अक्षय द्वारा अभिनीत) और अहंकारी छोटे मियां (टाइगर द्वारा अभिनीत) न्याय बहाल करने का प्रयास करते हैं, जो दिल को छू लेने वाली कार्रवाई और एक एड्रेनालाईन–पंपिंग सिनेमाई अनुभव प्रदान करते हैं। 3) अमर सिंह चमकीला निर्देशकरू इम्तियाज अली लोगों के साथ। 5) एलएसडी 2 निर्देशकरू दिबाकर बनर्जी

# तीन दिन में करीना–तब्बू की फिल्म ने बना डाले ये 4 बड़े रिकार्ड, वर्ल्डवाइड क्रू ने किया धमाकेदार कलेक्शन

करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन स्टार फीमेल लीड फिल्म क्रू बॉक्स ऑफिस पर छा गई है. 29 मार्च को थिएटर्स में रिलीज हुई ये फिल्म थिएटर्स में दर्शकों खूब एंटरटेन कर रही है. ऐसे में फिल्म जमकर कमाई कर रही और घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ–साथ वर्ल्डवाइड भी हर रोज करोड़ों का कारोबार कर रही है.



क्रू ने रिलीज के तीन दिनों में दुनिया भर में 60 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है. फिल्म की प्रोड्यूसर एकता कपूर के इंस्टाग्राम पोस्ट के मुताबिक क्रू ने वर्ल्डवाइड कुल 62. 53 करोड़ रुपए का शानदार कारोबार कर लिया है. इसके अलावा भी क्रू ने बैक–टू–बैक कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं.कृति सेनन, करीना कपूर और तब्बू की कॉमेडी फिल्म क्रू ने ओपनिंग डे पर वर्ल्डवाइड 20. 07 करोड़ रुपए कमाए थे. इसी के साथ फिल्म ने सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फीमेल लीड का रिकॉर्ड बना लिया था.

क्रू घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी दमदार कमाई कर रही है. बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट ओपनिंग वीकेंड में फिल्म ने कुल 32.30 करोड़ रुपए कमाए हैं. इसी के साथ क्रू ने तब्बू की फिल्म दृश्यम को मात दे दी है. बता दें कि 2015 में आई इस फिल्म ने पहले वीकेंड पर 23. 05 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था.32.30 करोड़ रुपए के ओपनिंग कलेक्शन के साथ क्रू ने कृति सेनन की दो फिल्मों को पछाड़ दिया है. फिल्म ने एक्ट्रेस की हाल ही में रिलीज हुई तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर इस फिल्म ने पहले वीकेंड पर 26.52 करोड़ रुपए कमाए थे. इसके अलावा क्रू ने कृति की हिट फिल्म लुका छुपी को भी शिकस्त दे दी है जिसका ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन 32.13 करोड़ रुपए था.क्रू ने रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन के साथ करीना कपूर की फिल्म को भी नहीं छोड़ा है. फिल्म ने बेबो की साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म की एंड का पर्दे पर सेमी हिट रही थीं. इस फिल्म ने पहले वीकेंड पर महज 25.23 करोड़ रुपए कमाए थे जो कि क्रू के फर्स्ट वीकेंड कलेक्शन (32.30 करोड़) से काफी कम है.

# आयुष शर्मा–सुश्री मिश्रा स्टारर रुसलान का गाना पहला इश्क हुआ रिलीज, 26 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड एक्टर आयुष शर्मा स्टारर अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म रुसलान का दूसरा गाना पहला इश्क रिलीज हो गया है, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं. गाने को रजत नागपाल ने कंपोज किया है, वहीं राणा सोटल ने लिखा है. जबकि आवाज सिंगर रितो रीबा ने दी है. यह लिस्नर्स को रोमांस और प्यार की दुनिया में ले जाता है.

गाने के बारे में बात करते हुए, आयुष ने कहा, मुझे लगता है कि ऑडियंस इतने मजेदार और रोमांटिक गाने को खूब सारा प्यार देंगे. गाने के बोल में गहराई है. इसमें एक खास तरह की वाइब है, जिसे फैंस महसूस करेंगे. पहली बार प्यार में पडना एक ऐसा एहसास है, जो किसी भी चीज से अलग है. यह गाना इसे खूबसूरती से दर्शाता है.

एक्ट्रेस सुश्री मिश्रा ने कहा, रुसलान का हिस्सा बनना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा . पहला इश्क मेरा पहला रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे मैंने शूट किया है और इसलिए भी यह मेरे लिए खास है. मैं बड़े पर्दे पर लव सॉन्ग देख–देखकर



बड़ी हुई हूं और अब जब मैं इसका हिस्सा हूं, तो मैं काफी एक्साइटेड हूं. वहीं गाने के सिंगर रितो रीबा ने कहा, रुस्लान के लिए पहला इश्क गाना शानदार अनुभव रहा. गाने की धुन और बोल पहले प्यार के एहसास को दर्शाते हैं और मैं इस तरह के यादगार प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं. रुसलान में जगपति बाबू और विद्या मालवदे भी हैं और इसका निर्देशन करण एल बुटानी ने किया है. यह गाना अब सारेगामा म्यूजिक के यूट्यूब चौनल पर उपलब्ध है. श्री सत्य साईं आर्ट्स द्वारा निर्मित यह फिल्म 26 अप्रैल को रिलीज होगी.

## बॉक्स ऑफिस पर आडू जीवितम द गोट लाइफ का दबदबा, वर्ल्डवाइड 50 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फिल्म

आडू जीवितमरू द गोट लाइफ थिएटर्स में छा गई है. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाए हुए है और ह र रोज करोड़ों नोट कमा रही है. पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर ये फिल्म 28 मार्च को पर्दे पर रिलीज हुई थी और शुरुआत से ही दर्शकों को पसंद आ रही है. यही वजह है कि महज चार दिनों की कमाई के साथ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर आडू जीवितमरू द गोट लाइफ का कलेक्शन 30 करोड़ के पार पहुंच गया है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक आडू जीवितमरू द गोट लाइफ ने 7.6 करोड़ के कलेक्शन के साथ बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग ली थी. दूसरे दिन फिल्म ने 6.25 करोड़ रुपए कमाए और तीसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 7.75 करोड़ रुपए रहा. वहीं अब चौथे दिन आडू जीवितमरू द गोट लाइफ ने संडे को बंपर कमाई करते हुए 8.50 करोड़ रुपए कमाए है.

रिपोर्ट्स की मानें तो आडू जीवितमरू द गोट लाइफ का बजट 80 करोड़ रुपए है. ऐसे में फिल्म अपनी लागत निकालने के बेहद करीब नजर आ रही है. ब्लेसी के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म इसी नाम के नॉवेल पर बेस्ड है जिसे बेनी बेन्यामिन ने लिखा है.आडू जीवितमरू द गोट लाइफ की स्टारकास्ट की बात करें तो पृथ्वाराज सुकुमारन फिल्म में लीड रोल में हैं. इसके अलावा अमला पॉल, विनीत श्रीनिवासन, जिमी जीन और लेना भी फिल्म का हिस्सा हैं.

# दिशा पाटनी का स्टायलिश आउटफिट में दिखा किलर लुक, एक्ट्रेस की हाटनेस ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान



अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस के लिए मशहूर एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. दिशा पाटनी ने इंस्टाग्राम पर हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया का तापमान बढ़ाने के लिए काफी हैं. दिशा पाटनी ने पिंक कलर का सेक्सी आउटफिट पहना है. ग्लोइंग मेकअप के साथ बालों को खास अंदाज में संवारा है. मैंचिंग ईयररिंग्स उनपर काफी जच रहे हैं और कैसरे के सामने सेक्सी पोज दे रही हैं. तस्वीरें देखते ही फैंस दीवाने हो गए हैं और एक्ट्रेस की हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरों मे दिशा पाटनी बेहद हॉट लग रही हैं. फैंस सोशल मीडिया पर कमेंट सेक्शन में उनके इस कातिलाना लुक की तारीफें करते नहीं थक रहे हैं. इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने लिखा– दिशा आपका लुक कमाल है. वहीं दूसरे यूजर ने एक्ट्रेस से पूछा उनकी नई फिल्म कब आने वाली है. एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर मात्र कुछ घंटों में लाखों लाइक्ट और कमेंट्स की बौछार हो चुकी है. हाल ही में एक्ट्रेस की फिल्म योद्धा बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा अच्छी कमाई नहीं कर पाई थी. फैंस को इस फिल्म में दिशा की एक्टिंग खूब पसंद आई थी.बता दें, दिशा पटानी ने साल 2015 में आई तेलुगू फिल्म लोफर से अपने एक्टिंग करने की शुरुआत की थी. बॉलीवुड में दिशा पहली बार साल 2016 में आई फिल्म एम एस धोनीरू एन अटोल्ड स्टोरी में नजर आईं. इसके बाद दिशा ने एक विलेन रिटर्न्स, मलंग, राधे. योद्धा और बागी 2 जैसी फिल्मों में नजर आई हैं.

# एक्ट्रेस नकियाह हाजी ने शैतानी रस्में में चुनौतीपूर्ण स्टंट पर की बात

शो शैतानी रस्में में निक्की का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस नकियाह हाजी ने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने अपने किरदार में जान डालने के लिए कड़ी मेहनत की है।नकियाह ने शो में सबसे अधिक मांग वाले दृश्यों के बारे में बात की।शो के अपने अनुभव के बारे में एक्ट्रेस ने कहा, मैंने शैतानी रस्में में किए जाने वाले हर स्टंट को बहुत अच्छे तरीके से आनंद लेते हुए किया है। दर्शकों का प्रोत्साहन मुझे और उत्साहित कर देता है। ऐसे सीन करने के लिए काफी मेहनत लगती है।एक्ट्रेस ने कहा, एक सीन के लिए मुझे कुएं में गिरना था, लेकिन मैं ज्यादा ऊंचाई से गिर गई, जिसके चलते मुझे चोट आई। एक और अन्य सीन के लिए मुझे एक कुंड में डूबना था, जमा देने वाले ठंडे पानी के भीतर सांस रोकना मुश्किल हो गया। यह शूट अविश्वसनीय रूप से चुनौतीपूर्ण था, फिर भी इसे अच्छे से किया गया।उन्होंने विभिन्न शॉट्स के दौरान आई परेशानियों के बारे में बात करते हुए कहा, हर एपिसोड चुनौतियां लेकर आता है। जिसे करने के लिए कड़ी मेहनत लगती है। सीन के दौरान चेहरे पर भाव बनाए रखना महत्वपूर्ण है। शैतानी रस्में स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का किया गया पर्दाफाश 6 अदद मोटरसाइकिल बरामद 2 बालअपचारियों सहित कुल 3 अभियुक्त गिरफ्तार।



ब्यूरो

श्रीरामपुर देवरिया। मंगलवार को थाना श्रीरामपुर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भवानी छापर के पास से एक मोटर साइकिल पर तीन सवार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूँछ–ताछ में अपना नाम पता 1. आनंद कुमार पुत्र राम इकबाल राम निवासी कोयलाडिया मिश्रौली थाना मीरगंज जनपद गोपालगंज (बिहार) 2.बाल अपचारी व 3. बाल अपचारी बताया गया। वाहन के सम्बन्ध में कागजात मांगने पर नहीं दिखा पाए जिसके संबन्ध में ई–चालान एप्प के माध्यम से जांच किया गया तो मोटरसाइकिल नं0 BR29AP4362 पाया गया जिसके जांच के क्रम में पाया गया कि उक्त मोटरसाइकिल के संबन्ध में बिहार के जनपद गोपालगंज में थाना हथुआ पर मु0अ0सं0 13/24 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत है। अभियुक्तों से कड़ाई से पूँछ–ताछ करने पर अभियुक्त बालअपचारी की निशानदेही पर ग्राम ब्रम्ह पाली लंगड़ा टोला में छिपा कर रखी गयी कुल पांच मोटरसाइकिलों को बरामद किया गया।जांच के क्रम में जिसके सम्बन्ध में थाना श्रीरामपुर पर 1.मोटरसाइकिल नं0 UP52BC8830 के संबन्ध में मु0अ0सं0 81/24 धारा 379 भादंवि व 179(1)एमवी ऐक्ट ,2. मोटरसाइकिल नं0UP 52BV3485 के संबन्ध में मु0अ0सं0 82/24 धारा 379 भादंवि व 179(1)एमवी ऐक्ट व 3.मोटरसाइकिल नं0 UP52AC3943 संबन्ध में मु0अ0सं0 85/24 धारा 379 भादंवि व 179(1)एमवी ऐक्ट का अभियोग पंजीकृत है तथा अन्य दो मोटरसाइकिलों क्रमशः हिरो स्पेलंडर प्लस रंग काला सफेद रजि0 नं– 1. UP52V0406 व 2. महिंद्रा सेंचुरों रंग काला रजि0 नं0 UP52AD3703 के संबन्ध में जांच की जा रही है। इस प्रकार अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी सें बिहार राज्य में मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में थाना हथुआ जनपद गोपालगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 13/24 धारा 379 भादवि एवं जनपद देवरिया के थाना श्रीरामपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 81/24 धारा 379 भादंवि व 179(1)एमवी ऐक्ट, मु0अ0सं0 82/24 धारा 379 भादंवि व 179(1)एमवी ऐक्ट व मु0अ0सं0 85/24 धारा 379 भादंवि व 179(1)एमवी ऐक्ट का सफल अनावरण किया गया ।

# थाना कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की 02 मोटर साइकिल बरामद करते हुए 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार




ब्यूरो

देवरिया। मंगलवार को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर पिपरपाती पुलिया के पास से 02 अलग–अलग मोटरसाइकिलों पर सवार 02 अभियुक्तों का गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूँछ–ताछ में अपना नाम पता क्रमशः 1. भीम चौहान पुत्र स्व0 लोरिक चौहान निवासी घटैला चेती थाना कोतवाली जनपद देवरिया 2. अमर गौड़ पुत्र स्व0 राम प्यारे गोड़ निवासी गरूणपार थाना कोतवाली जनपद देवरिया बताया गया। वाहन के सम्बन्ध में कागजात मांगने पर नहीं दिखा पाए। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूँछने पर बरामद मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में दोनों अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि काले रंग की हीरो स्पलेन्डर प्लस रजि0 नं0 UP52AQ1877 को सदर अस्पताल देवरिया से दिनांक 18.10.2023 को चुराए थे तथा काले व लाल रंग की होन्डा सीडी110 ड्रीम डीएक्स रजि0 नं0 UP52CR2259 को राजघाट गोरखपुर से एसियन पेन्ट हाउस की दुकान के पास से 17.03.2024 को चोरी किया गया था। इस प्रकार अभियुक्तों कि गिरफ्तारी व बरामदगी से मोटर साइकिल होन्डा सीडी110 ड्रीम डीएक्स रजि0 नं0 UP52CR2259 के सम्बन्ध में जनपद गोरखपुर के थाना राजघाट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 100/24 धारा 379 भादवि तथा हीरो स्पलेन्डर प्लस रजि0 नं0 UP52AQ1877 के सम्बन्ध में थाना कोतवाली जनपद देवरिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0 904/2024 धारा 379 भा.द.वि. का सफल अनावरण किया गया ।

# बूडे हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल की मची धूम

## –अखंड रामनाम संकीर्तन शुरु, हनुमान चालीसा और सुंदर काण्ड का हुआ पाठ

चित्रकूट(आरएनएस )। मंदाकिनी नदी तट पर स्थित दक्षिण मुखी बूड़े हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल की धूम रही। सुबह से ही मंदिर में पूजन भजन संकीर्तन का दौर शुरु हुआ जो देर रात्रि तक चला। मंदिर को फूलों से सजाया गया। भण्डारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और शाम को महाआरती के बाद भांग, ठंढई और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। बूडे हनुमान मंदिर के पुजारी रामजीदास महराज ने बताया कि होली के बाद मंगल को बुढ़वा मंगल पिछले कई दशकों से बूडे हनुमान मंदिर में मनाया जाता है। इस वर्ष भव्य तरीके से आयोजन को भक्तों ने मनाया है। मंदिर और परिसर की फूलों से आकर्षक सजावट की गई। सुबह से ही भक्तों नें दर्शन पूजन किया। देर रात्रि तक आयोजन हुए। संगीतमयी अखंड संकीर्तन के बाद भंडारा कराया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को महाआरती के बाद ठंढई, भांग और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों नें जय बजरंगी जय श्री राम के जयकारे लगाए। हनुमान चालीसा और सुंदर काण्ड के पाठ भी हुए। बताते चलें कि लगभग पांच सौ वर्ष पूर्व बूडे हनुमानजी की स्थापना हुई थी। मूर्ति मंदाकिनी नदी में डूबी हुई मिली थी। जिसे बाद में नदी के नजदीक ही टीले पर स्थापित कर दिया गया था। नदी में डूबे मिले इसलिए वह बूडे हनुमान कहलाए। इस मौके पर महंत रामहृदय दास महराज, गंगा आरती के पुजारी केशरी तिवारी, आनंद सिंह पटेल, हेमू तिवारी, विक्की अग्रवाल, बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, जगदंबिका पाठक, सतीश मिश्रा, रामकुमार कुशवाहा समेंत हजारों भक्तों की मौजूदगी रही।

# दुर्घटनाग्रस्त आटो व डंपर, विलखते परिजन।



चित्रकूट(आरएनएस )। डम्पर व आटो की आमने सामने भिड़ंत होने पर आटो में सवार सात लोगों की मौत हो गई। एक यात्री के गंभीर रूप से घायल होने पर रेफर किया गया है। घटना से जिले में सनसनी फैल गई। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने डम्पर और आटो को कब्जे में लिया है। शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। एसपी, अपर एसपी समेत भारी पुलिस बल घटना स्थल व अस्पताल पहुंचकर जरूरी प्रबंध कराया। डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

ये हृदयविदारक हादसा जिला मुख्यालय के अमानपुर में सवेरे करीब 5:40 बजे हुआ। बताया गया कि रेलवे स्टेशन से सवारियां बैठाकर बिना नंबर प्लेट की सीएनजी आटो चित्रकूट जा रही थी। इसी बीच भरतकूप की ओर से गिट्टी लादकर आ रहे डम्पर की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिससे आटो में सवार कन्नौज जिले के गुलसरायगंज निवासी अनिरुद्ध कुमार (24) पुत्र शिवराज, अखिलेश (22) पुत्र हरिभान सिंह, ककरहा थाना तिरवां कन्नौज निवासी अतर सिंह पुत्र रामसेवक वर्मा, भरुवा सुमेरपुर निवासी धर्मेन्द्र सोनी (30) पुत्र स्व राम कुमार, बहन निधि सोनी (25), सुमित साहू (14) पुत्र सुनील, कोतवाली कर्वी क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी निर्भय कुशवाहा (23) पुत्र अखिलेश, अहमदगंज बेड़ीपुलिया निवासी सूरज (17) पुत्र प्रेमलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर आनन फानन पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने अनिरुद्ध कुमार, अखिलेश, अतर सिंह, धर्मेन्द्र सोनी, निधि सोनी को मृत घोषित कर दिया। तीन घायलों को गंभीर दशा के चलते प्रयागराज रेफर कर दिया। जहां रास्ते में निर्भय व सूरज ने दम तोड़ दिया। घायल सुमित साहू को गंभीर दशा के चलते परिजन कानपुर इलाज को ले गए। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी राजकमल, कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह समेत सीतापुर, शिवरामपुर, भरत थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद जिला अस्पताल जाकर परिजनों को ढाढस बंधाया है। घटना की जानकारी होने पर कन्नौज व भरुआ सुमेरपुर के मृतक व घायलों के परिजन मुख्यालय आए। घटना देख दहाड़े मारकर रोने लगे। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सौप दिया।

# मानिकपुर विधायक को ज्ञापन सौपा

## संपर्क मार्ग नहीं बना तो मतदान का करेंगें बहिष्कार

चित्रकूट।(आरएनएस ) गांव तक पहुचने के लिए सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विधायक को पत्र सौपकर समस्या निदान की मांग की है। चेताया कि सड़क नहीं बनीं तो मतदान का बहिष्कार करेंगें। मानिकपुर ब्लाक क्षेत्र के रानीपुर कल्याणगढ़ के प्रधान रामदानी ग्रामीण संतोष पांडेय, छोटू पांडेय, राम सिंह, पूरनलाल, निर्मल पांडेय, केशव, धर्मेन्द्र, बाले, सरेश, जगदीश आदि के साथ विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी को सौपे पत्र में कहा कि मानिकपुर से नौ किमी की दूरी पर गांव है। जिसमें चार किमी रास्ता है जो रानीपुर वन्यजीव बिहार की तरफ से होकर जाता है। यह मार्ग बेहद ऊबड़ खाबड है। जंगली जानवरो समेत चोर उचक्कों का भय बना रहता है। इस रास्ते में जिगनवाह, कुबरी, गिदुरहा, कटरा, मटहा आदि गांव के ग्रामीणों का आवागमन होता है। ऐसे में संपर्क मार्ग का निर्माण बेहद जरूरी है। बताया कि कई बार प्रशासन समेत शासन को अवगत करा चुके हैं। इसके पूर्व 1991 में ग्रामीणों ने मार्ग निर्माण की मांग को लेकर चुनाव का बहिष्कार कर चुके है। जिस पर संपर्क मार्ग पास हुआ और निर्माण कार्य शुरू हो सका जो आज तक पूरा नहीं हुआ। मांग किया कि अविलम्ब निर्माण कार्य पूरा कराया जाए। अन्यथा की दशा में मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल

चित्रकूट(आरएनएस )। बाइक से घर जा रहे चचेरे भाईयों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके चलते एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस की मदद से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया और मृतक के परिजनों को सूचना दी। पहाड़ी थाना क्षेत्र के नहरा निवासी चाचा रामजीत ने बताया कि रिंकू यादव (22) व चचेरा भाई शिवचंद्र (23) सोमवार की शाम को पहाड़ी कस्बा से वापस गांव बाइक से आ रहे थे। जैसे ही वह चौरा मोड़ के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसके चलते रिंकू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि शिवचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में भर्ती कराया और मृतक के परिजनों को सूचना दी। यह सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करता था। तीन भाई में वह सबसे छोटा था। मां गौरा देवी का रो–रोकर हाल बेहाल है।

# 1.55 लाख आंखों का आपरेशन कर बनाया कीर्तिमान

चित्रकूट(आरएनएस )। नेत्र चिकित्सकीय सेवा संस्थान श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट में नव लेखावर्ष के प्रथम दिवस गुरुदेव संत रणछोड़दास महाराज के पूजन एवं आरती के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर ट्रस्टी डॉ. बीके जैन, शिक्षा समिति अध्यक्ष ऊषा जैन एवं ट्रस्टी इलेश जैन ने पूजन कर विभिन्न विभाग के प्रमुखों को लेखा पुस्तिकाओं का वितरण किया। त्पश्चात डॉ. इलेश जैन ने गत वर्ष की उपलब्धियों के आंकड़ों को सभी के साथ साझा करते हुए बताया कि 2023–24 में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय ने रिकार्ड 1.55 लाख आंखों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सात हजार से अधिक सामुदायिक नेत्र शिविर लगाए गए। 19.29 लाख लोगों तक नेत्र सेवा उपलब्ध करायी गयी। इसी क्रम में जानकीकुण्ड चिकित्सालय द्वारा 46 सौ सर्जरी एवं 3.80 लाख से अधिक स्वास्थ परीक्षण संपन्न किये गए। यह वर्ष ट्रस्ट के सेवा प्रकल्पों के लिए उपलब्धियों का वर्ष रहा। ट्रस्टी डॉ. बीके जैन ने कहा कि गत वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेवा प्रकल्पों का भ्रमण किया। इस वर्ष की उपलब्धियों का श्रेय उन्होंने प्रत्येक विभाग के हर कार्यकर्त्ताओं को दिया। उन्होंने 2024–25 के लिए पेशेंट फर्स्ट की थीम पर काम करने की घोषणा की। कार्यक्रम में डॉ. राजपूत, डॉ. पूनम अडवानी, डॉ. राजेश जोशी, डॉ. राकेश शाक्या, डॉ. नरेन्द्र पाटीदार, डॉ. नवजोत अहलुवालिया, डॉ. गौतम परमार, डॉ. आशीष बजाज समेत सदगुरु परिवार के चिकित्सकीय एवं गैर चिकित्सकीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गति सीमा निर्धारण, बाईपास के निर्माण की मांग

चित्रकूट। ट्रक और ऑटो की भिड़न्त में सात लोगों की मौत पर बुंदेली सेना ने गहरी शोक संवेदना जताई है। मुख्यमंत्री से मृतकों के परिजनों को 10–10 लाख की आर्थिक सहायता और घायलों को 5–5 लाख की मदद की मांग की है। साथ ही बस्ती के बीच में ट्रकों की गति सीमा निर्धारित कराने और बाईपास का निर्माण जल्द शुरु कराने की मांग की है। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि अनियंत्रित स्पीड में ट्रक गुजरते हैं। कोई देखने वाला नहीं है। कर्वी नगर से लेकर बेड़ी पुलिया तक नो इंट्री खुलने पर एक दूसरे को ओवरटेक करते ट्रक मनमानी स्पीड से गुजरते हैं। जबकि बस्ती के बीच में गति सीमा निर्धारित होनी चाहिए। हजारों की तादाद में ट्रकों के गुजरने की वजह से धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालु भी असुरक्षित हैं। जब तक शहर में बाईपास का निर्माण नहीं होता समस्या बनी रहेगी। देवाँगना मार्ग राणा तालाब, खोह, चकला राजरानी और लोढवारा की नो इंट्री में सैकड़ों ट्रक इकठ्ठा होते हैं। नो इंट्री खुलने पर वह ओवर स्पीड में गुजरते हैं। यदि कर्वी नगर और श्रद्धालुओं को हादसों से बचाना है तो गति सीमा निर्धारण और बाईपास का निर्माण ही विकल्प है।

# फसाड लाइट से रोशन होंगे शहर के प्रमुख मंदिर

## 924 लाख की लागत से होगा हो रहा है फसाड लाइट का कार्य

## शहर के पांच प्रमुख मंदिर फसाड लाइट से होंगे जगमग

प्रयागराजआरएनएस)। प्रयागराज में महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत शहर के प्रमुख मंदिरों को अलौकिक स्वरूप देने के लिए नव्य प्रयोग के रूप में फसाड लाइट का काम किया जा रहा है। इसमें कुंभ मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर के प्रमुख प्राचीन मंदिरों को शामिल किया गया है। महाकुंभ में पर्यटन विभाग को 27 प्रोजेक्ट दिए गए हैं। इनकी लागत 106 करोड़ है । इसमें ज्यादातर प्रोजेक्ट पर विभाग के कार्य रफ्तार पकड़ चुके हैं। इसमें एक प्रोजेक्ट मंदिरों में फसाड लाइट का भी है। कुंभ मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर के सभी प्रमुख मंदिर महाकुंभ में आधुनिक रंगीन फसाड लाइट से जगमगाएंगे। पर्यटन विभाग को इसकी जिम्मेदारी मिली है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि महाकुंभ में आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए शहर के प्रमुख मंदिर और धार्मिक महत्व के स्थानों को विशेष आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए फसाड लाइट से सुसज्जित किया जा रहा है। शहर के इन प्रमुख मंदिरों में 924 लाख की लागत से फसाड लाइट का कार्य कराया जा रहा है। कुंभ के दौरान शाम होते ही कुंभ मेला क्षेत्र और उसके बाहर शहर के सभी मंदिर रंग–बिरंगी रोशनी से नहा उठेंगे।

# इन मंदिरों में होगा फसाड लाइट का कार्य

प्रयागराजआरएनएस)। महाकुंभ के आयोजन के पहले कुंभ क्षेत्र में पड़ने वाले और क्षेत्र के बाहर के पांच प्रमुख प्राचीन मंदिरों में फसाड लाइट का कार्य किया जाएगा। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि इसके लिए टेंडर भी जारी हो चुके हैं। कुंभ क्षेत्र में शंकर विमान मंडपम मंदिर, दारागंज के नागवासुकी मंदिर और दारागंज का ही श्री अलोप शंकरी देवी मंदिर शामिल है। कुंभ क्षेत्र के बाहर सिविल लाइंस में श्री हनुमंत निकेतन मंदिर और श्रृंगवेरपुर धाम का प्रमुख मंदिर शामिल है। इसमें शंकर विमान मंडपम मंदिर के लिए सबसे अधिक 355 लाख खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा नागवासुकी मंदिर के लिए 195 लाख, श्री अलोप शंकरी देवी के लिए 166 लाख, श्रृंगवेरपुर के लिए 107 लाख और हनुमंत निकेतन मंदिर सिविल लाइंस के लिए 101 लाख शामिल हैं। इसमें सिविल लाइंस के हनुमंत निकेतन मंदिर में इसकी शुरुआत हो चुकी है। शेष सभी मन्दिरों पर कार्य महाकुंभ के पूर्व पूरा कर लिया जाएगा।

# मतदाता जागरूकता अभियान की तिथियां निर्धारित

चित्रकूट(आरएनएस )। स्वीप नोडल अधिकारी सीडीओ अमृतपाल कौर ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए स्वीप के अंतर्गत कराए जाने वाले प्रचार प्रसार को मतदाता जागरूकता अभियान के लिए 12 अप्रैल तक विधानसभा सामान्य निर्वाचन में 55 प्रतिशत से कम मतदान वाले प्रत्येक 10 बूथों पर गठित टीम बूथ स्तर पर चुनाव पाठशाला के माध्यम से बैठक आयोजित कर तथा डोर टू डोर जागरूकता स्टीकर चस्पा करते हुए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। 15 अप्रैल तक समस्त महाविद्यालय, संस्थानों में युवा मतदाता महोत्सव का आयोजन, खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक आदि अन्य गतिविधियां की जाएगी। चार अप्रैल को जनपद मुख्यालय एवं समस्त तहसील मुख्यालय पर मतदाता सेल्फी प्वांइट, मतदाता दीवार पर सिगनेचर कैंम्पेन होगा। पांच अप्रैल को जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में कार्यक्रम, 6 अप्रैल को विकासखंड मऊ में महिला मतदाताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम महिला स्वयं सहायता समूह, एएनएम, आंगनबाड़ी आशा आदि के माध्यम से किया जाएगा। 8 अप्रैल को जनपद मुख्यालय में मैराथन दौड़ कराई जाएगी। 10 अप्रैल विकासखंड मानिकपुर, 12 से 16 अप्रैल तक प्रत्येक तहसील मुख्यालय में किसानों को मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसी प्रकार 17, 19, 22, 23, 25 अप्रैल व 15 मई तक मतदान जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएंगें।

# मतदान के लिए निर्वाचन आयोग ने बताए विकल्प

चित्रकूट।(आरएनएस ) डीएम अभिषेक आनन्द ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परंतु ऐसे मतदाता जो अपना फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं। उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों, डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई से जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र व राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए

# मोदी बदले की राजनीति करते हैं– अनिल शास्त्री

प्रयागराज(आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल शास्त्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विपक्ष के नेताओं के खिलाफ हमेशा बदले की राजनीति एवं षडयंत्र करने का आरोप लगाया है। लोकसभा चुनाव से पहले आज यहां पहुंचे शास्त्री ने कांग्रेसजनों से भेंट के दौरान कहा कि दो चुने सीएम दिल्ली के केजरीवाल और झारखंड के हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल के सलाखों के पीछे हैं। चुनावी प्रक्रिया प्रभावी होने के बावजूद ईडी विपक्षी उम्मीदवारों के विरुद्ध मामले दर्ज कर रही है लेकिन भाजपा से हाथ मिलाने वाले अजीत पवार गुट के प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले को सीबीआई द्वारा हटा कर उन्हें क्लीन दे दी गई है।

# गुंडा व मिनी गुंडा एक्ट की हुई कार्यवाही

चित्रकूट(आरएनएस )। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने अवधेश तिवारी पुत्र रामकृपाल तिवारी, कृष्णअवतार पुत्र रामकृपाल निवासीगण गड़ौली के विरुद्ध गुंडा एक्ट व राजू खान पुत्र स्व नत्थू खां, रऊफ खां पुत्र नत्थू खां निवासीगण धौरहरा के विरुद्ध थाना 110जी सीआरपीसी की कार्यवाही की है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।